बुधवार, 11 फरवरी 2026

**मौसम**



तापमान 16 – 29
आर्द्रता 39%
सूर्योदय: 06:12 सूर्यास्त: 17:33

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : लीडरी ऐसा बीज है जो अपने घर से दूर की ज़मीन में ही पनपता है।




भारत ने सऊदी अरब में विश्व रक्षा प्रदर्शनी में स्वदेशी रक्षा क्षमता का प्रदर्शन किया पृष्ठ 7






# आपत्तिजनक एआई कंटेंट 3 घंटे में हटाना अनिवार्य

## एआई से तैयार डीपफेक सामग्री पर सरकार ने सख्त किए नियम

### यूजर्स को एआई सामग्री का खुलासा करना होगा




**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को डीपफेक सहित एआई (कृत्रिम मेधा) से तैयार और बनावटी सामग्री के प्रबंधन को लेकर ऑनलाइन मंचों के लिए सख्त नियम लागू किए हैं। इसके तहत एक्स और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को किसी सक्षम अधिकारी या अदालतों द्वारा निर्देशित की गई ऐसी किसी भी सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा। सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया है। इसके जरिये औपचारिक रूप से एआई से तैयार और बनावटी कंटेंट को परिभाषित किया गया है। ये नए नियम 20 फरवरी, 2026 से लागू होंगे। संशोधनों में 'ध्वनि, दृश्य या ध्वनि-दृश्य जानकारी' और 'बनावटी रूप से तैयार की गई जानकारी' को परिभाषित किया गया है, जिसमें एआई द्वारा निर्मित या परिवर्तित ऐसी सामग्री शामिल है जो वास्तविक या प्रामाणिक प्रतीत होती है। सामान्य संपादन, किसी सामग्री को बेहतर बनाने और नेक नीयत से किए गए शैक्षिक या डिजाइन कार्यों को इस परिभाषा से बाहर रखा गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने अधिसूचना में कहा कि प्रमुख परिवर्तनों में बनावटी सामग्री को 'सूचना' के रूप में मानना शामिल है। आईटी नियमों के तहत गैरकानूनी कार्यों के निर्धारण के लिए एआई-जनित सामग्री को अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा। सोशल मीडिया मंच को सरकारी या अदालती आदेशों पर अब 36 घंटे के बजाय तीन घंटे के भीतर कार्रवाई करनी होगी। इसके अलावा, उपयोगकर्ता की शिकायतों के निवारण की समयसीमा भी कम कर दी गई है। नियमों के तहत एआई सामग्री की अनिवार्य रूप से लेबलिंग जरूरी है। बनावटी सामग्री बनाने या साझा करने की सुविधा देने वाले मंच को यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी सामग्री पर स्पष्ट रूप से और प्रमुखता से लेबल लगाया जाए। जहां तकनीकी रूप से संभव हो, वहां इसे स्थायी मेटाडेटा या पहचानकर्ताओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए।

# एसआईआर : बंगाल में अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को होगी प्रकाशित



अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित होने वाली थी। पत्र में कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में, आयोग ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर के कार्यक्रम को संशोधित करने का निर्णय लिया है। संशोधित समय-सीमा के अनुसार, नोटिस की सुनवाई 14 फरवरी तक पूरी की जाएगी, इसके बाद दस्तावेजों की जांच और मामलों का निपटारा 21 फरवरी तक किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा साझा किए गए पत्र में बताया गया है कि राज्य के लिए अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को संशोधित करते हुए मंगलवार को घोषणा की कि राज्य की अंतिम मतदाता सूची अब 28 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह निर्णय उच्चतम न्यायालय के नौ फरवरी के आदेश के अनुपालन में लिया गया है। बता दें कि इससे पहले, पश्चिम बंगाल की

# विपक्ष ने बिरला को हटाने के लिए नोटिस दिया, पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया

## नोटिस मामले के निपटारे तक आसन पर नहीं बैठेंगे लोकसभा अध्यक्ष



**नयी दिल्ली :** विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा और बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि विपक्ष की ओर से नोटिस सौंपे जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने फैसला किया कि वह मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे और उन्होंने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया कि नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। सूत्रों ने यह भी कहा कि नोटिस पर विचार किया जाएगा और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। निचले सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सचेतक मोहम्मद जावेद ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को यह नोटिस सौंपा। उल्लेखनीय है कि विपक्ष को दो बार नोटिस सौंपना पड़ा क्योंकि पहली बार जो नोटिस सौंपा गया था कि उसमें सदन के भीतर कुछ घटनाक्रमों का उल्लेख करते समय जिन तिथियों का हवाला दिया गया था उनमें त्रुटि थी। नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के करीब 120 सांसदों से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। संविधान के अनुच्छेद 94 (सी) के तहत यह प्रस्ताव संबंधी नोटिस सौंपा गया है। नोटिस में कहा गया है, ''हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के प्रावधानों के अंतर्गत लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस देते हैं, क्योंकि जिस तरह से वह लोकसभा की कार्यवाही का संचालन कर रहे हैं, वह खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण है। कई अवसरों पर विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने ही नहीं दिया गया, जबकि यह संसद में उनका मूल लोकतांत्रिक अधिकार है।''

### लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने का कोई भी प्रयास आज तक सफल नहीं हुआ

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के विपक्ष के प्रयासों की तरह ही अतीत में भी इस तरह की कुछ कोशिशें की गईं, लेकिन वे सफल नहीं हुईं। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि नोटिस की जांच की जाएगी और नियमों के अनुसार उस पर कार्रवाई की जाएगी। अतीत में, कुछ लोकसभा अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए कई प्रयास किए गए हैं, लेकिन कोई भी सफल नहीं हुआ। अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर कम से कम दो लोकसभा सदस्यों के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। नोटिस पर कितने भी सदस्य हस्ताक्षर कर सकते हैं, लेकिन कम से कम दो सदस्यों का हस्ताक्षर अनिवार्य है।

# ममता ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए योजना को अप्रैल से लागू करने की घोषणा की



### दुआरे सरकार मॉडल पर 15 से 26 फरवरी के बीच शिविर लगाकर लिया जाएगा आवेदन

### भूमिहीन किसानों को सालाना 4,000 की आर्थिक सहायता मिलेगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार एक अप्रैल से 'युवा साथी' बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू करेगी, जिसे पहले अगस्त से शुरू करने की घोषणा की गई थी। राज्य सचिवालय 'नवान्न' में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि इस योजना के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 1,500 रुपये का मासिक भत्ता मिलेगा। योजना की शुरुआत की तारीख को पहले करने के फैसले के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि हमने इसे एक अप्रैल से वितरित करना शुरू करने का निर्णय लिया है, क्योंकि वित्तीय वर्ष अप्रैल से शुरू होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने राज्य के (अंतरिम) बजट में तीन से चार योजनाओं की घोषणा की थी। 'युवासाथी' कार्यक्रम उन लोगों के लिए है, जिन्होंने माध्यमिक (कक्षा 10) की परीक्षा पास की है और जिनकी आयु 21-40 वर्ष है। उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना के लाभार्थी मौजूदा छात्रवृत्तियों के लिए पात्र बने रहेंगे। ममता ने कहा कि वे किसी भी छात्रवृत्ति- 'ऐक्यश्री', 'मेधाश्री', 'शिक्षाश्री' जैसी स्मार्ट कार्ड योजनाओं और स्वामी विवेकानंद मेरिट एवं छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो लोग छात्रवृत्तियों के अलावा राज्य सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे हैं, वे 'युवा साथी' योजना के पात्र नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें किसी अन्य योजना के तहत धनराशि नहीं मिल रही है, तो नौकरी मिलने तक उन्हें 1,500 रुपये दिए जाएंगे। पांच साल बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। ममता ने यह भी कहा कि भूमिहीन बटाईदारों को अप्रैल से सालाना 4,000 रुपये की वित्तीय सहायता मिलनी शुरू हो जाएगी - रबी और खरीफ के मौसम के दौरान प्रत्येक बार 2,000 रुपये दिए जाएंगे।

# भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत ने पांच पायदान की छलांग लगाई, 91वें स्थान पर पहुंचा

**नयी दिल्ली :** भारत मंगलवार को जारी भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) 2025 में 182 देशों और क्षेत्रों में से पांच पायदान ऊपर चढ़कर 91वें स्थान पर पहुंच गया। 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' के नवीनतम सीपीआई के अनुसार, भारत का स्कोर पिछले वर्ष से एक अंक बढ़ गया है, जबकि इसकी रैंक 96वें स्थान से बेहतर हुई है। बर्लिन स्थित भ्रष्टाचार-रोधी निगरानी संस्था की रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में भ्रष्टाचार-रोधी प्रगति धीमी है, क्योंकि पिछले साल कई देशों में जनता का रोष देखा गया। 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' ने कहा कि 2025 के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक से पता चलता है कि दुनिया के हर हिस्से में भ्रष्टाचार एक गंभीर खतरा बना हुआ है, हालांकि प्रगति के सीमित संकेत हैं। रिपोर्ट में कहा गया, ''नेताओं को सत्ता के दुरुपयोग और इस गिरावट के लिए जिम्मेदार व्यापक कारकों, जैसे लोकतांत्रिक नियंत्रण और संतुलन को वापस लेना और नागरिक समाज पर हमलों से निपटने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए।'' इसमें कहा गया, ''दुनिया के कई हिस्सों में सरकार-विरोधी प्रदर्शनों से पता चलता है कि लोग गैर-जिम्मेदार नेतृत्व से तंग आ चुके हैं और सुधार की मांग कर रहे हैं।'' रिपोर्ट में भारत को ''भ्रष्टाचार पर रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों के लिए खतरनाक'' देशों में भी सूचीबद्ध किया गया है। इसमें कहा गया कि 2012 के बाद से, दुनिया भर में गैर-संघर्ष क्षेत्रों में, 829 पत्रकारों की हत्या कर दी गई।


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


### अमेरिका के एक सांसद ने एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम समाप्त करने के लिए विधेयक पेश किया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के एक सांसद ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम समाप्त करने के लिए एक विधेयक पेश किया है। उनका कहना है कि कंपनियों ने बार-बार इस प्रणाली का दुरुपयोग किया है और सस्ते विदेशी श्रमिकों को अमेरिका में आयात किया है। अमेरिका के फ्लोरिडा के रिपब्लिकन प्रतिनिधि ग्रेग स्ट्यूब ने 'एक्साइल' अधिनियम पेश किया, जिसमें आव्रजन और नागरिकता कानून में संशोधन करके एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम समाप्त करने का प्रस्ताव किया गया है। स्ट्यूब ने एक बयान में कहा, ''अमेरिकी नागरिकों के कल्याण और समृद्धि की तुलना में विदेशी श्रमिकों को प्राथमिकता देना हमारे मूल्यों और राष्ट्रीय हितों को कमजोर करता है।''

# बंगाल सहित पांच राज्यों में चुनाव से पहले अधिकारियों के तबादले का निर्देश




**नयी दिल्ली :** चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग (ईसी) ने संबंधित सरकारों से अपने गृह जिलों में तैनात अधिकारियों का तबादला करने को कहा है, जो चुनावों से पहले उठाया जाने वाला एक नियमित कदम है। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि चुनाव वाले राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव संचालन से सीधे तौर पर जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन स्थानों पर तैनात नहीं किया जाना चाहिए जहां उन्होंने काफी लंबे समय तक सेवा की हो। आयोग ने बताया कि इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं का कार्यकाल मई और जून में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। निर्वाचन आयोग को विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने से पहले चुनाव कराने का दायित्व सौंपा गया है ताकि वर्तमान सदन का कार्यकाल समाप्त होने से पहले एक नई विधानसभा का गठन हो सके। आयोग ने स्पष्ट किया कि चुनाव से सीधे संबद्ध नहीं रहने वाले सरकारी डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक या प्रधानाचार्य को चुनाव वाले राज्यों के संबंध में ईसी की स्थानांतरण नीति से छूट दी गई है। चुनाव आयोग ने कहा, ''चुनाव के दौरान, बड़ी संख्या में कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के चुनावी कार्यों के लिए तैनात किया जाता है । आयोग का बड़े पैमाने पर तबादलों के माध्यम से राज्य तंत्र में भारी व्यवधान पैदा करने का कोई इरादा नहीं है।''

### चुनाव में अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाने के सुझावों पर विचार करे निर्वाचन आयोग: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग को एक जनहित याचिका को अभ्यावेदन के रूप में मानने और अत्यधिक चुनावी खर्च पर अंकुश लगाने के वास्ते अपनी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) में शामिल करने के लिए सुझावों पर विचार करने को कहा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने टिप्पणी की कि अदालत अत्यधिक चुनावी खर्च पर तीसरे पक्ष की रिपोर्ट पर भरोसा नहीं कर सकती क्योंकि निर्वाचन आयोग ने भी इसे चुनौती दी है। हालांकि, इसने कहा कि आईआईटी स्नातक याचिकाकर्ता प्रभाकर देशपांडे द्वारा दिए गए सुझाव ''विचार करने योग्य'' हैं।

# मेडिकल सीटें खाली न रहें, इसलिए पात्रता अर्हता प्रतिशत को कम किया गया : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि पिछले शैक्षणिक वर्षों की तरह, जिनमें सीटों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने में सफलता मिली थी, सरकार ने पीजी काउंसलिंग 2025 के लिए पात्रता अर्हता प्रतिशत को कम कर दिया ताकि बहुमूल्य पीजी मेडिकल सीटें खाली न रहें। परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की चिकित्सा परामर्श समिति (एमसीसी) उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित योजना के अनुसार स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए काउंसलिंग आयोजित करती है। एमसीसी द्वारा आयोजित नीट पीजी काउंसलिंग में अखिल भारतीय कोटा की 50 प्रतिशत सीटें और देश भर के केंद्रीय/मानित विश्वविद्यालयों की 100 प्रतिशत सीटें शामिल होती हैं। उन्होंने कहा कि अर्हता प्रतिशत में संशोधित का निर्णय एमसीसी द्वारा दूसरे दौर की काउंसलिंग पूरी हो जाने के बाद लिया गया है जिसमें यह सूचित किया गया है कि एमसीसी द्वारा काउंसलिंग के लिए प्रस्तावित 29,476 सीटों में से 9,621 सीटें रिक्त रह गई थीं। मंत्री ने कहा कि चूंकि 50 प्रतिशत सीटों के लिए काउंसलिंग संबंधित राज्य प्राधिकरणों द्वारा आयोजित की जाती है, इसलिए यह अनुमान लगाया गया कि दो दौर के बाद लगभग 20,000 सीटें रिक्त रह गई।

### असम में अंतिम मतदाता सूची जारी, मसौदा सूची में शामिल 2.43 लाख से अधिक नाम हटाए गए

**गुवाहाटी :** असम में अंतिम मतदाता सूची मंगलवार को प्रकाशित कर दी गई, जिसमें मसौदा सूची में शामिल 2.43 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची में लगभग 12.5 करोड़ पुरुष, 12.4 करोड़ महिला और 343 तृतीय लिंग मतदाताओं के नाम शामिल हैं। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि दावों और आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है, जिसमें कुल 2.49 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं।

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे

**नयी दिल्ली :** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 'एआई इम्पैक्ट' सम्मेलन में भाग लेने और व्यापार व रक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत करने के वास्ते अगले सप्ताह तीन दिवसीय भारत दौरे पर आएंगे। मैक्रों 17 फरवरी को मुंबई से अपनी यात्रा शुरू करेंगे, जहां वह और मोदी भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का उद्घाटन करेंगे। दोनों नेताओं के मुंबई में द्विपक्षीय वार्ता करने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने फ्रांसीसी नेता की यात्रा की घोषणा करते हुए कहा, दोनों नेता 'होराइजन 2047 रोडमैप' में निर्धारित क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।

# भारत को जिन देशों से सस्ता और बेहतर गुणवत्ता वाला तेल मिलेगा, उनसे खरीदना जारी रखेगा: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को एक संसदीय समिति को बताया कि भारत उन देशों से कच्चे तेल खरीदना जारी रखेगा, जहां यह सस्ता और सबसे अच्छी गुणवत्ता वाला है। साथ ही, भारतीय तेल कंपनियां भू-राजनीतिक स्थिति और गैर-प्रतिबंधित स्रोतों को ध्यान में रखते हुए तेल की खरीदारी करेंगी। सूत्रों के अनुसार विदेश मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने कांग्रेस नेता शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति को यह जानकारी दी। थरूर ने इस बैठक को बेहद प्रभावी बताया, जो तीन घंटे से अधिक समय तक चली और इसमें 30 में 28 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के बाद थरूर ने संवाददाताओं से कहा, ''अधिकारियों ने हर सवाल का बड़े विस्तार और आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया। यह समिति के कामकाज का एक बेहतरीन उदाहरण था।'' सरकार की ओर से सांसदों के सामने अपनी बात रखने वालों में विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी शामिल थे। थरूर ने बताया कि बैठक का अधिकांश समय भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर केंद्रित रहा।

### लावरोव का आरोप: भारत समेत विभिन्न देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने की कोशिश कर रहा अमेरिका

**मॉस्को :** रूस ने अमेरिका पर भारत और अन्य देशों को रूसी तेल खरीदने से रोकने का आरोप लगाया है और कहा है कि वाशिंगटन वैश्विक आर्थिक प्रभुत्व के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए टैरिफ, प्रतिबंध और प्रत्यक्ष निषेध सहित कई तरह के 'दबावपूर्ण' उपायों का इस्तेमाल कर रहा है। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूसी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाकर प्रतिस्पर्धियों को दबाने के लिए अमेरिका पर 'अनुचित तरीकों' का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया।

# बांग्लादेश में दुकान के भीतर 62-वर्षीय हिंदू व्यापारी की हत्या



**ढाका :** बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में अज्ञात लोगों ने 62-वर्षीय एक हिंदू व्यापारी की उसकी दुकान के अंदर धारदार हथियारों से हमला करके हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबरों में यह जानकारी दी गयी है। त्रिशाल पुलिस थाने के प्रमुख मोहम्मद फिरोज हुसैन ने समाचार पोर्टल 'बीडीन्यूज24डॉटकॉम' को बताया कि यह घटना सोमवार रात उपजिला के बोगर बाजार चौराहे पर हुई। उन्होंने बताया कि पीड़ित की पहचान साउथकंडा गांव के निवासी सुसेन चंद्र सरकार के रूप में हुई है, जो ''भाई भाई एंटरप्राइज'' के मालिक थे। हुसैन ने बताया कि हमलावरों ने सरकार पर धारदार हथियार से हमला करने के बाद उसे दुकान के अंदर छोड़ दिया तथा शटर बंद कर दिए। सरकार का परिवार उसे ढूंढ रहा था और जब उन्होंने दुकान के शटर खोले, तो वह खून से लथपथ पाया गया। सरकार को तुरंत मयमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित के बेटे सुजान सरकार ने बताया, ''हमारा चावल का पुराना कारोबार है। किसी से हमारी कोई दुश्मनी नहीं थी। अपराधियों ने मेरे पिता की बेरहमी से हत्या करने के बाद दुकान से कई लाख टका लूट लिये।'' उन्होंने मांग की कि उनके पिता के हत्यारों की जल्द से जल्द पहचान की जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। सरकार की हत्या अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाकर की गई हिंसा की नवीनतम घटना है।

## लोकतंत्र के मंदिर में सियासी बवंडर

संसद का बजट सत्र भारत के लोकतंत्र के लिए काफी शर्मनाक साबित हो रहा है। लोकतंत्र के इस पावन पवित्र मंदिर में जनता के मुद्दे उठाने की बजाय कार्यवाही ठप्प करना ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। संसद का बजट सत्र भी पिछले सत्रों की तरह लगता है हंगामे की भेंट चढ़ने जा रहा है। सत्ता और विपक्ष दोनों अपनी अपनी बात पर अड़े हुए है। दूसरी तरफ कुछ राजनैतिक दलों ने स्पीकर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देने की तैयारी की है जिस पर कोई फैसला नहीं हो पा रहा है। संसद में गतिरोध कोई नयी बात नहीं है मगर अब इंतिहा हो गयी है। जड़ता टूटनी ही चाहिए। नेताओं को अपने लाभ हानि की बजाय जनता के कल्याण की सोचनी चाहिए। संसद के पिछले कुछ सत्रों की कार्यवाही पर एक नज़र डालें तो लगेगा संसद में काम कम और हंगामा ज्यादा होता है। जनता के खून पसीने की कमाई हंगामे की भेंट चढ़ जाती है जो किसी भी स्थिति में लोकतंत्र के लिए हितकारी नहीं है। देश की संसद आजकल कामकाज की जगह हंगामे की ज्यादा शिकार हो रही है। संसद आम आदमी की समस्याओं को दूर करेगा। मगर हो रहा है ठीक इसके उल्टा। संसद के पिछले कुछ सत्रों में ऐसा ही कुछ हो रहा है। संसदीय लोकतंत्र में संसद ही सर्वोच्च है। हमारे माननीय संसद सदस्य इस सर्वोच्चता का अहसास कराने का कोई मौका भी नहीं चूकते, पर खुद इस सर्वोच्चता से जुड़ी जिम्मेदारी–जवाबदेही का अहसास करने को तैयार नहीं। बेशक विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की ऐसी तस्वीर बेहद निराशाजनक ही नहीं, चिंताजनक भी है । संसद ठप रहने की बढ़ती प्रवृत्ति भी कम खतरनाक नहीं है। संसद सत्र अपने कामकाज के बजाय हंगामे के लिए ही समाचार माध्यमों में सुर्खियां बनता जा रहा है। अगर हम संसद की घटती बैठकों के मद्देनजर देखें तो सत्र के दौरान बढ़ता हंगामा और बाधित कार्यवाही हमारे माननीय सांसदों और उनके राजनीतिक दलों के नेतृत्व की लोकतंत्र में आस्था पर ही सवालिया निशान लगा देती है। संसद की सर्वोच्चता का स्पष्ट अर्थ यह भी है कि वह देश हित–जनहित में कानून बनाने के अलावा सरकार के कामकाज की कड़ी निगरानी और समीक्षा भी करे, लेकिन हमारे देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर का हाल यह है कि देश का बजट तक बिना चर्चा के पारित हो गया।

संसदीय लोकतंत्र में संसद ही सर्वोच्च है। हमारे माननीय संसद सदस्य इस सर्वोच्चता का अहसास कराने का कोई मौका भी नहीं चूकते, पर खुद इस सर्वोच्चता से जुड़ी जिम्मेदारी–जवाबदेही का अहसास करने को तैयार नहीं। संसद में हंगामा आम बात हो गई है। लोकतंत्र की मूल भावना को इससे बढ़ते खतरे की चर्चा और चिंता मीडिया से लेकर सर्वोच्च अदालत तक मुखर होती रही है। जाहिर है, इस गहराते खतरे के लिए राजनीतिक दलों का नेतृत्व ही जिम्मेदार है, जो अक्सर ऐसी जवाबदेही से मुंह ही चुराने के लिए जाना जाता है। बेशक विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की ऐसी तस्वीर बेहद निराशाजनक ही नहीं, चिंताजनक भी है, लेकिन संसद ठप रहने की बढ़ती प्रवृत्ति भी कम खतरनाक नहीं है। संसद का वर्तमान बजट सत्र अपने कामकाज के बजाय हंगामे के लिए ही समाचार माध्यमों में सुर्खियां बनता रहा है। अगर हम संसद की घटती बैठकों के मद्देनजर देखें तो सत्र के दौरान बढ़ता हंगामा और बाधित कार्यवाही हमारे माननीय सांसदों और उनके राजनीतिक दलों के नेतृत्व की लोकतंत्र में आस्था पर ही सवालिया निशान लगा देती है। संसद की सर्वोच्चता का स्पष्ट अर्थ यह भी है कि वह देश हित–जनहित में कानून बनाने के अलावा सरकार के कामकाज की कड़ी निगरानी और समीक्षा भी करे, लेकिन हमारे देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर का हाल यह है कि देश का बजट तक बिना चर्चा के पारित हो गया।

ऐसे में यह सवाल उठना भी बेहद स्वाभाविक है कि फिर पूरे बजट सत्र के दौरान संसद ने किया क्या है? बार–बार हंगामे के चलते कार्यवाही स्थगित होने से साफ है कि काम तो नहीं ही किया, पर दलगत स्वार्थों से प्रेरित आरोप–प्रत्यारोप लगाने में न सत्तापक्ष पीछे रहा और न ही विपक्ष। सत्ता का खेल बनकर रह गयी राजनीति में आरोप–प्रत्यारोपों की कीचड़ उछाल स्पर्धा अप्रत्याशित नहीं है, लेकिन उसके लिए संसद की कार्यवाही को ही बंधक बना लेना तो लोकतंत्र और जनमत की अवमानना ही है। तर्क दिया जा सकता है कि बिना बहस राष्ट्रपति का अभिभाषण पहली बार तो पारित नहीं किया गया? बेशक काम से ज्यादा हंगामे के लिए पहचानी जाने वाली हमारी राजनीति अतीत में भी बिना चर्चा अभिभाषण पारित करने का कारनामा कर चुकी है, लेकिन संसदीय लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली कार–गुजारियों की पुनरावृत्ति करने के बजाय उनसे सबक सीखना ही श्रेयस्कर होता है।

–बाल मुकुन्द ओझा

# ब्राह्मण-दलित-पिछड़ों को लड़ा बीजेपी से हारी बाजी जीतना चाहता है विपक्ष



**संजय सक्सेना**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में हिन्दुत्व की लहर ने योगी सरकार और भारतीय जनता पार्टी को ऐसी मजबूत नींव दे दी है कि विपक्षी दल अब हताशा के दौर से गुजर रहे हैं। प्रदेश में भाजपा समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी जैसे दलों के मुकाबले अभेद्य किले की तरह खड़ी नजर आ रही है। हिन्दुत्व के सहारे ही भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से सत्ता की कमान संभालना चाहती है। लेकिन विपक्षी नेताओं ने अब एक सोची–समझी चाल चली है। वे हिन्दू समाज को ही आपस में बांटने की साजिश रच रहे हैं। हर उस मुद्दे को हवा दी जा रही है जो हिन्दुओं के बीच फूट डाल सके। कभी ब्राह्मणवाद के नाम पर आक्रोश भड़काया जाता है तो कभी दलितों और पिछड़ों पर अत्याचार के रोने से सियासी माहौल गरमाया जाता है। अपराधियों को भी अब जाति के चश्मे से देखा जाने लगा है। यह सब कुछ हिन्दू एकता को चूर करने की गहरी चाल है।

प्रदेश की सियासत को करीब से देखें तो साफ पता चलता है कि भाजपा ने हिंदुत्व को ऐसा हथियार बनाया है जो विपक्ष के सारे तीरों को विफल कर देता है। राम मंदिर निर्माण से लेकर गौ रक्षा तक हर मुद्दे पर हिन्दू समाज एकजुट हो गया। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कानून–व्यवस्था को पुख्ता कर अपराधियों पर नकेल कसी तो हिन्दू समाज में विश्वास जगा। लेकिन विपक्ष अब उसी समाज को तोड़ने पर तुला है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के नेता ब्राह्मणों को भाजपा विरोधी बताने की मुहिम चला रहे हैं। वे कहते हैं कि भाजपा में ब्राह्मणों की उपेक्षा हो रही है। पुरानी घटनाओं को उछालकर ब्राह्मण युवकों को भड़काया जा रहा है। एक तरफ ब्राह्मण सम्मेलनों में नारे लगवाए जाते हैं तो दूसरी तरफ दलित सभाओं में ब्राह्मणों पर अत्याचार के किस्से गढ़े जाते हैं। यह दोहरी चाल हिन्दू समाज के दो बड़े वर्गों में वैमनस्य पैदा कर रही है।

दलित और पिछड़े वर्गों को भी निशाना बनाया जा रहा है। विपक्षी दल दावा करते हैं कि योगी सरकार में दलितों और पिछड़ों पर जुल्म हो रहे हैं। हर छोटी–मोटी घटना को जातिगत रंग देकर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के तौर पर कुछ महीने पहले एक घटना घटी जहां पुलिस ने अपराधी को पकड़ा। विपक्ष ने तुरंत चिल्लाना शुरू कर दिया कि वह दलित था और भाजपा सरकार ने उसे फंसाया। सच्चाई यह थी कि अपराधी ने कई हत्याएं की थीं लेकिन जाति का लबादा ओढ़ाकर उसे शहीद बनाने की कोशिश हुई। इसी तरह पिछड़े वर्ग के अपराधियों को भी संरक्षण देने की मुहिम चलाई गई। समाजवादी पार्टी के कुछ नेता खुले तौर पर कहते हैं कि अपराधी कोई भी हो, उसकी जाति को बचाना जरूरी है। इससे हिन्दू समाज में पिछड़ों और अन्य वर्गों के बीच खाई पैदा हो रही है।

कांग्रेस भी इस खेल में पीछे नहीं है। वह ब्राह्मण–दलित कार्ड खेल रही है। पार्टी के नेता पुरानी शिकायतें दोहराते हैं कि भाजपा सवर्णों की ही सरकार है। वे हिन्दू समाज को चार हिस्सों में बांटने की कोशिश कर रहे हैं। कभी जाट बनाम गुर्जर का मुद्दा उठता है तो कभी राजपूतों को ठाकुरों से लड़ाने की चेष्टा होती है। अपराध के मामलों को जाति से जोड़ना सबसे खतरनाक है। प्रदेश में अपराधी किसी भी जाति का हो सकता है लेकिन विपक्ष उसे जाति का चेहरा बना देता है। अगर अपराधी ब्राह्मण है तो ब्राह्मणवाद का ढोल पीटा जाता है। दलित अपराधी पर तो अत्याचार का रोना रोया जाता है। पिछड़ा अपराधी हो तो पिछड़ों की दुर्दशा का बखान किया जाता है। इससे समाज में नफरत का बीज बोया जा रहा है। हिन्दू समाज जो सदियों से एकजुट रहा, अब उसके टुकड़े करने की साजिश रची जा रही है।

यह साजिश नई नहीं है। विपक्ष हमेशा से जातिवाद का सहारा लेता रहा है। लेकिन अब यह हिंदुत्व के खिलाफ सीधी जंग है। भाजपा ने हिन्दू समाज को जाति से ऊपर उठाकर एक सूत्र में बांधा है। योगी सरकार की योजनाएं सबके लिए हैं। दलितों के लिए विशेष छात्रावास, पिछड़ों के लिए आरक्षण में इजाफा और ब्राह्मणों के लिए संस्कृत विद्यालय। लेकिन विपक्ष इन तथ्यों को नजरअंदाज कर अफवाहें फैला रहा है। हाल ही में एक जिले में दलित युवक की मौत पर विपक्ष ने ब्राह्मणों पर आरोप लगाए। जांच में साफ हुआ कि यह पारिवारिक झगड़ा था लेकिन सियासी फायदा उठाने के लिए जाति का जहर घोला गया। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां अपराध को जातिगत संघर्ष का रूप दिया गया। लखनऊ से लेकर वाराणसी तक सभाओं में यही जहर परोसा जा रहा है।

विपक्ष की यह चाल उल्टी पड़ रही है। हिन्दू समाज जागरूक हो गया है। सोशल मीडिया पर लोग इन साजिशों को बेनकाब कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता गांव–गांव जाकर एकता का संदेश दे रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने कई बार खुलकर कहा है कि हिन्दू एकता ही प्रदेश की ताकत है। विपक्ष की जातिवादी राजनीति अब जनता को भाती नहीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी यही देखने को मिला। जहां विपक्ष ने जाति कार्ड खेला, वहां भाजपा ने हिन्दुत्व से जवाब दिया। अब 2027 के विधानसभा चुनाव में भी यही होगा। लेकिन विपक्ष हार मानने को तैयार नहीं। वे और तीव्रता से हिन्दुओं को बांटने की कोशिश करेंगे। अपराधियों को जाति का चोला पहनाकर सड़कों पर उतारेंगे। ब्राह्मणों को भड़काएंगे, दलितों को उकसाएंगे और पिछड़ों को भटकाएंगे।

यह साजिश सिर्फ सियासी नहीं, समाज को कमजोर करने वाली है। हिन्दू समाज अगर बंट गया तो प्रदेश की प्रगति रुक जाएगी। योगी सरकार ने बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। एक्सप्रेसवे बने, हवाई अड्डे बढ़े, निवेश आया लेकिन एकता ही सबकी कुंजी है। विपक्ष को समझना चाहिए कि जनता अब जाति के जाल में नहीं फंसती। वे चाहे जितना चिल्लाएं, हिन्दुत्व की दीवार अटल है। ब्राह्मण, दलित, पिछड़ा, क्षत्रिय सब एक हैं। राम के भक्त एक हैं। विपक्ष की साजिशें नाकाम होंगी। प्रदेश फिर भाजपा के हाथों सशक्त होगा। हिन्दू समाज को सावधान रहना होगा। इन फूट डालने वाली चालों से बचना होगा। एकता बनाए रखें, तभी सच्ची विजय होगी।

# लोकसभा-अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वासः लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा



**ललित गर्ग**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी लोकतंत्र के लिये एक चिन्ताजनक घटना है। क्योंकि लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, असहमति के सम्मान और संस्थागत विश्वास पर टिकी हुई एक जीवंत परंपरा है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में संसद इस लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहाँ न केवल नीतियाँ बनती हैं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा बोलती है। ऐसे में जब लोकसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की खबरें सामने आती हैं, तो यह घटना किसी एक व्यक्ति या दल तक सीमित न रहकर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर देती है। विपक्षी दलों द्वारा यह आरोप लगाया जाना कि उन्हें, विशेषकर नेता प्रतिपक्ष को, सदन में बोलने का समुचित अवसर नहीं मिल रहा, और इसी आधार पर अध्यक्ष की निष्पक्षता पर सवाल उठाना, एक गहरी चिंता का विषय है। यह चिंता इसलिए भी अधिक गंभीर हो जाती है क्योंकि अध्यक्ष का पद परंपरागत रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन का प्रतीक माना जाता रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका केवल कार्यवाही संचालित करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मर्यादा और सभी पक्षों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की संवैधानिक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। यदि विपक्ष का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करने लगे कि अध्यक्ष का व्यवहार पक्षपातपूर्ण है या उनकी आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया जा रहा है, तो यह केवल राजनीतिक असंतोष नहीं, बल्कि संस्थागत अविश्वास का संकेत होता है। 100 से अधिक सांसदों द्वारा हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी यह दर्शाती है कि मामला क्षणिक आक्रोश का नहीं, बल्कि लंबे समय से पनप रही असहमति और संवादहीनता का परिणाम है। लोकसभा अध्यक्ष सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनके प्रति विश्वास जरूरी होता है और उनसे भी निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि संख्या बल के आधार पर इस तरह का प्रस्ताव पारित होना कठिन है, लेकिन लोकतंत्र में कई बार प्रतीकात्मक कदम भी गहरे संदेश देते हैं।

विपक्षी दलों द्वारा यह स्पष्ट करना कि वे टकराव के साथ–साथ सुलह का विकल्प भी खुला रखे हुए हैं, और इसी क्रम में विभिन्न वरिष्ठ नेताओं का अध्यक्ष से मुलाकात कर संवाद का प्रयास करना, इस बात का संकेत है कि अभी भी समाधान की गुंजाइश समाप्त नहीं हुई है। यह स्थिति हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर संसद जैसे सर्वोच्च मंच पर संवाद की जगह हंगामा, नारेबाजी और गतिरोध क्यों हावी होता जा रहा है। क्या यह केवल सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास का परिणाम है, या फिर संसदीय परंपराओं के क्षरण का संकेत? विगत वर्षों में बार–बार यह देखने को मिला है कि महत्वपूर्ण विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बजाय सदन की कार्यवाही बाधित होती रही है। इससे न केवल विधायी कामकाज प्रभावित होता है, बल्कि जनता के बीच यह संदेश भी जाता है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि अपने दायित्वों के प्रति गंभीर नहीं हैं।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि वह असहमति को स्थान देता है। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह ठहराना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना भी है। इसके लिए सदन में बोलने का अवसर, प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता और आलोचना का सम्मान अनिवार्य है। यदि विपक्ष यह महसूस करता है कि उसके लिए ये रास्ते संकुचित किए जा रहे हैं, तो उसका आक्रोश सड़कों या नारेबाजी के रूप में फूट पड़ता है, जो अंततः संसद की गरिमा को ही नुकसान पहुँचाता है। दूसरी ओर, विपक्ष द्वारा बार–बार सदन की कार्यवाही बाधित करना भी उतना ही गंभीर दोष है, क्योंकि इससे शासन की प्रक्रिया ठप होती है और जनता के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। इस दोतरफा अविश्वास और आक्रामकता के बीच लोकतंत्र का मूल उद्देश्य कहीं खोता हुआ दिखता है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में यदि संसद बार–बार हंगामे, निलंबन और गतिरोध की खबरों में रहे, तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की लोकतांत्रिक छवि को प्रभावित करता है। विकास, नीति और जनकल्याण की चर्चा के स्थान पर यदि टकराव और अविश्वास केंद्र में आ जाए, तो यह भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र की मजबूती केवल मजबूत सरकार से नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष और निष्पक्ष संस्थानों से भी आती है। लोकसभा अध्यक्ष जैसे पद से अपेक्षा की जाती है कि वह न केवल नियमों का पालन कराए, बल्कि विश्वास का सेतु भी बने। वहीं विपक्ष से भी यह अपेक्षा है कि वह विरोध को रचनात्मक बनाए, न कि अवरोध का माध्यम।

आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद को फिर से संवाद का मंच बनाया जाए, जहाँ तीखी असहमति भी मर्यादा में व्यक्त हो और सत्ता व विपक्ष दोनों ही लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएँ। अविश्वास प्रस्ताव जैसे कदम यदि चेतावनी के रूप में लिए जा रहे हैं, तो उन्हें आत्ममंथन का अवसर भी बनना चाहिए। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सही है और कौन गलत, बल्कि यह है कि लोकतंत्र की संस्था को कैसे स्वस्थ, विश्वसनीय और प्रभावी बनाया जाए। जनता ने सांसदों को नारे लगाने या कार्यवाही बाधित करने के लिए नहीं, बल्कि देश के भविष्य पर गंभीर विमर्श के लिए चुना है। यदि संसद इस अपेक्षा पर खरी नहीं उतरती, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है।

यह भी तथ्य है कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में श्री ओम बिरला का संसदीय संचालन अब तक सामान्यतः अनुशासित, कार्यकुशल और नियमसम्मत माना जाता रहा है। उनके कार्यकाल में लोकसभा की कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने, विधायी कार्यों को प्राथमिकता देने और विभिन्न दलों को साथ लेकर चलने का प्रयास स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अनेक अवसरों पर उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच संतुलन साधने की कोशिश की है तथा संसदीय परंपराओं और नियमों के पालन पर बल दिया है। उनकी छवि एक ऐसे अध्यक्ष की रही है जो सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए होशियारी, धैर्य और व्यावहारिक समझ का प्रयोग करते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संसदीय मर्यादाओं का आग्रह और संवाद के लिए दरवाज़े खुले रखने की प्रवृत्ति को देखते हुए उनके जैसे लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की स्थिति अपने आप में एक त्रासद और चिंताजनक घटना प्रतीत होती है। यह घटना व्यक्ति विशेष से अधिक उस माहौल की ओर संकेत करती है, जहाँ अविश्वास इतना गहरा हो चुका है कि संवाद और विश्वास के पुल कमजोर पड़ते जा रहे हैं।

अंततः यह समय आरोप–प्रत्यारोप से आगे बढ़कर जिम्मेदारी स्वीकार करने का है। सत्तापक्ष को यह समझना होगा कि मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है। विपक्ष को यह स्वीकार करना होगा कि विरोध की भी एक मर्यादा और रचनात्मकता होती है। और अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पदों को यह स्मरण रखना होगा कि उनकी निष्पक्षता केवल नियमों के पालन से नहीं, बल्कि व्यवहार और अवसर की समानता से भी सिद्ध होती है। यदि संसद को संवाद का मंच बनाए रखने में हम विफल रहते हैं, तो यह केवल एक सत्र या एक सरकार की विफलता नहीं होगी, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति हमारी सामूहिक असफलता मानी जाएगी। यही वह बिंदु है जहाँ हर नागरिक, हर जनप्रतिनिधि और हर संस्था को आत्मचिंतन करना होगा, ताकि विकास की राह में विनाश की संभावनाएँ नहीं, बल्कि संवाद, विश्वास और लोकतांत्रिक परिपक्वता का मार्ग प्रशस्त हो सके।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 11 फरवरी, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष नवमी, 09:58 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 10:45 तक, योग : व्याघात, 26:24 तक, सूर्योदय: 06:12, सूर्यास्त: 17:33, चन्द्रोदय : 01:14, चन्द्रास्त: 11:57, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 11:50 से 13:14

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को आज आमदनी के नए अवसर प्राप्त होंगे। लक्ष्मी भाव में चन्द्रमा का प्रबल योग बनने से कोई खास डील फाइनल हो सकती है। समाज में आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**वृष :** वृष राशि के जातकों का पूरा ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता मिलेगी। आपके अनुकूल वातावरण बना रहेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों का आज का दिन काफी रचनात्मक रहने वाला है। आपको अपना पसंदीदा कार्य करने का मौका मिलेगा। आज आप रिलैक्स मूड में रहेंगे।

**कर्क :** बुधवार के दिन कर्क राशि वालों का दिन काफी सृजनात्मक रहने वाला है। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है।

**सिंह :** आज सिंह राशि के लोगों का दिन काफी व्यस्त रहने वाला है। धर्म–कर्म के मामलों में अधिक मन लगेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों से तनाव हो सकता है।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों को आज थोड़ा सावधान रहना होगा। आस–पास के लोगों से टकराव की नौबत आ सकती है। घर–परिवार में किसी शुभ और मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए आज का दिन लाभकारक है। कार्य–व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन काफी मजबूत रहेगा। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में सुख–शांति और स्थिरता का माहौल रहेगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नया करने से आपको लाभ होगा।

**धनु :** धनु राशि के जातकों को आज के दिन सावधानी बरतनी होगी। व्यापार में थोड़ा बहुत जोखिम उठाने से बड़ा लाभ होगा। कुछ नए कामों में भी हाथ आजमा सकते हैं।

**मकर :** मकर राशि के जातकों का आज का दिन सामान्य रहेगा। भागीदारी में किया व्यापार आपको फायदा पहुंचाएगा। घर के कामों को पूरा करने के लिए आज समय मिलेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन का असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। खान–पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें।

**मीन :** मीन राशि वालों का आज का दिन लाभकारी रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाना आपके हित में रहेगा। भाग्य के सहारे आप सभी परेशानियों को आसानी से पार कर लेंगे।

## विदेश की खबरें

### नेपाल में बस के नदी में गिरने से 12 लोगों की मौत, आठ घायल

**काठमांडू :** मध्य नेपाल में मंगलवार को एक यात्री बस के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब काठमांडू से ओखलढुंगा जा रही बस बागमती प्रांत के रामेछाप नगरपालिका में तामाकोशी नदी में गिर गई। यह स्थान काठमांडू से 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में 12 लोगों की जान चली गई। 'द हिमालयन टाइम्स' की खबर के मुताबिक, मंथली अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केशव सिंह धामी ने बताया कि मृत 12 यात्रियों में से 10 की पहचान कर ली गई है। रामेछाप के पुलिस निरीक्षक राजन प्रसाद तिमिल्सिना ने कहा कि हादसे में चालक सहित आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों का उपचार खुरकोट स्थित जीवन अस्पताल और मंथली अस्पताल में किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों, सुरक्षाकर्मियों और बचाव दलों ने दुर्घटनास्थल से घायलों को विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया है। लापता यात्रियों की तलाश के लिए अभियान अभी जारी है। प्रशासन ने इस घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी है।

### इजराइली हमलों में गाजा में तीन लोगों की मौतः अस्पताल

**दीर अल–बलाह (गाजा पट्टी) :** गाजा सिटी के पश्चिम में इजराइल के सैन्य हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई। गाजा स्थित एक अस्पताल ने यह जानकारी दी। शिफा अस्पताल ने बताया कि इन हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायलों को अस्पताल लाया गया। ये हमले युद्धविराम समझौता लागू होने के बीच हुए हैं।

### ट्रंप से मुलाकात कर ईरान के साथ व्यापक वार्ता पर जोर देंगे नेतन्याहू

**तेल अवीव :** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के साथ महत्वपूर्ण परमाणु वार्ताओं को व्यापक रूप देने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से मंगलवार को वाशिंगटन का दौरा करेंगे। अमेरिकी सैन्य तैयारियों के बीच पिछले सप्ताह यह वार्ता फिर से शुरू हुई थी। इजराइल लंबे समय से ईरान से यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करने, मिसाइल कार्यक्रम में कटौती करने और क्षेत्र भर के आतंकवादी समूहों से संबंध तोड़ने की मांग करता रहा है। ईरान ने हमेशा इन मांगों को खारिज करते हुए कहा है कि वह प्रतिबंधों में ढील के बदले ही अपने परमाणु कार्यक्रम पर कुछ सीमाएं स्वीकार करेगा। नेतन्याहू बुधवार तक वाशिंगटन में रहेंगे। उन्होंने अपने दशकों लंबे राजनीतिक करियर में ईरान के खिलाफ अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर कार्रवाई की वकालत की है।

## वर्ग पहेली नं. 3348

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | | ■ | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| | ■ | ■ | | ■ | 22 | 23 | | ■ | |
| | ■ | 24 | | 25 | ■ | | ■ | 26 | |
| 27 | | | ■ | 28 | | | | | |

*बायें से दायें:-* 1) मुराद, 3) सिर्फ़, 6) जादूगर, 8) काँप उठना, 9) वियोग, 11) जवाब, 12) नृत्य; ढेर, 13) गाढ़ा, 14) चट्टानी, 16) गंदा, 17) कर्मकुशल, 18) एक प्रसिद्ध पेय, 19) स्वादप्रेमी, 20) अपराध, 22) टिकाना, 24) दुष्कर्म, 26) दानी, 27) सत्यता, 28) रौनक.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सलाह, 2) बरबाद, 3) मलयालम प्रदेश, 4) भींगा हुआ, 5) पनीर, 7) आभूषण, 10) रसीला, 13) अक़्ल का मारा, 14) राजनीतिक दल, 15) मोहित होना, 17) झिरी, 18) खुशामदी, 20) गुणित, 21) कामबंदी, 23) बाधा, 24) चंद, 25) दुष्ट, 26) जलन.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ | ना | त | ■ | न | ट | ना | ■ | आ | धा |
| री | ■ | ल | ल | का | र | ■ | जं | ग | ■ |
| ब | ल | वा | ■ | र | ट | ना | ■ | रा | ज़ |
| क़ | ■ | र | ज | ■ | रा | श | न | ■ | बा |
| री | ■ | ■ | न | मू | ना | ■ | य | व | न |
| ब | द | ना | म | ■ | ■ | म | न | न | ■ |
| ■ | बं | ■ | त | क | रा | र | ■ | र | म्य |
| अ | ग | ला | ■ | र्क | ■ | क | टा | क्ष | ■ |
| ल्प | ■ | गू | ■ | शा | म | त | ■ | क | ष्ट |

## सुडोकू-पहेली-3306

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 9 | | | 8 |
| 2 | 9 | | 8 | | | | | |
| | | | | | 3 | 6 | | |
| 8 | | | 4 | | | | 5 | |
| | | | | | | 7 | | 1 |
| | 2 | | | | 1 | | | |
| | 8 | | 7 | | | | | |
| | | 7 | 1 | | 6 | 9 | | |
| | | 6 | | 2 | | 1 | | |


**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3305 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 3 | 5 |
| 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 8 | 6 | 9 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 3 | 2 | 9 | 6 | 1 |




# निर्वाचन आयोग को सौंपी गई 'ग्रुप बी' अधिकारियों की सूची में कई विसंगतियां : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने निर्वाचन आयोग को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए सौंपी गई 8,505 अधिकारियों की सूची में 'ग्रुप सी' के कई कर्मचारियों के साथ-साथ 'ग्रुप बी' के सेवानिवृत्त अधिकारियों के नाम भी शामिल किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा कर राज्य सरकार अदालत और निर्वाचन आयोग को गुमराह कर रही है।



भाजपा नेता ने प्रेसवार्ता में कहा कि ईआरओ और एईआरओ के रूप में कार्यरत राज्य सरकार का कोई कर्मचारी यदि एसआईआर में किसी भी प्रकार का अनुचित कार्य करता है, तो भाजपा तत्काल कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग के समक्ष यह मुद्दा उठाएगी और उस अधिकारी को कोई नहीं बचा सकता। विपक्ष के नेता ने कहा कि ममता बनर्जी ने ग्रुप सी के अधिकारियों को ग्रुप बी के रूप में पेश किया है। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों और उच्चतम न्यायालय के निर्देश का उल्लंघन करते हुए ग्रुप बी के सेवानिवृत्त और ग्रुप सी के अधिकारियों को भी सूची में शामिल किया है। शुभेंदु अधिकारी ने ममता की उस घोषणा पर भी कटाक्ष किया जिसमें उन्होंने कहा था कि बेरोजगार युवाओं की मदद के लिए युवा साथी शिविर 15 से 26 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का एहसास हो चुका है कि उनके पैरों तले ज़मीन खिसक रही है और राज्य की जनता, बंगाल के युवाओं ने उनका साथ छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल केवल दो-तीन महीने बचा है, इसलिए वह लोगों को गुमराह करने की हताश कोशिश कर रही हैं।

## आरजी कर अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक ने सीबीआई अदालत में किया आत्मसमर्पण, 7 दिनों की जेल हिरासत

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्प-ताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली ने मंगलवार को यहां एक विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया और उन्हें 17 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सरकारी अस्पताल के पूर्व अधिकारी अली ने अलीपुर में सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सीबीआई ने अली की जमानत याचिका का विरोध किया और उनकी हिरासत की मांग की। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद अली को 17 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि इस विशेष अदालत ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के मामले के संबंध में छह फरवरी को अली के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इससे पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अली की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अली के वकील ने दावा किया है कि उनके मुवक्किल अस्पताल में कथित भ्रष्टाचार का खुलासा करने में शामिल रहे हैं, इसलिए कुछ स्वार्थी तत्व उन्हें निशाना बना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन उपाधीक्षक (गैर-चिकित्सा) पर संबंधित अवधि के दौरान निविदा प्रक्रिया में अनियमितताओं में लिप्त होने का आरोप लगाया है। केंद्रीय जांच एजेंसी का दावा है कि अली उस समय निविदा प्रक्रिया की देखरेख कर रहे थे और कुछ विक्रेताओं को ठेके देने के बदले पैसे ले रहे थे। इसका कहना है कि याचिकाकर्ता की स्थिति मुख्य आरोपी संदीप घोष के समान है, जो लगभग डेढ़ साल से हिरासत में है। सीबीआई ने कथित वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा करने में शामिल होने के अली के दावे को भी गलत बताया। इसने उच्च न्यायालय के समक्ष यह भी दावा किया था कि अली ने सह-आरोपी से मतभेद होने के बाद ही घोष के खिलाफ शिकायतें करना शुरू किया था।

## भाजपा मार्च में कर सकती है राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार का ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा मार्च के पहले हफ्ते तक राज्य से राज्यसभा नामांकन के लिए अपने अकेले उम्मीदवार का नाम फाइनल कर सकती है। बता दें कि इस साल अप्रैल के अंत तक पश्चिम बंगाल से संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) की कुल पांच सीटें खाली हो रही हैं। विधानसभा में अपने बहुमत के आधार पर तृणमूल कांग्रेस इन पांच सीटों में से चार आसानी से जीत सकती है, जबकि भाजपा अपने एकल उम्मीदवार को जिताने में सफल हो जाएगी। प्रदेश भाजपा के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि अभी इस पद के लिए तीन नामों पर चर्चा हो रही है। पहला नाम मेगास्टार मिथुन चक्रवर्ती का है और दूसरा नाम पार्टी की पूर्व लोकसभा सदस्य और एक्ट्रेस से राजनीतिज्ञ बनीं लॉकेट चटर्जी का है। इसके अलावा, कुछ हद तक साउथ दिनाजपुर जिले की बालुरघाट विधानसभा सीट से वर्तमान भाजपा विधायक और केंद्र सरकार के पूर्व चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी के नाम पर भी चर्चा हो रही है।

## कोयला तस्करी मामले में ईडी ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय ने कोयले के अवैध खनन और परिवहन से जुड़े धन शोधन के मामले में दो कोयला व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने दोनों को कई घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारियां सोमवार की देर रात की गईं और आरोपियों में से एक पर इस मामले के मुख्य आरोपी का करीबी सहयोगी होने का संदेह है। अधिकारी ने बताया कि कई दौर की पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया, जिसके दौरान हमारे जांचकर्ताओं ने उनके बयानों में कई विसंगतियां पाईं।

## राज्य में भाजपा तीन चुनाव हारी, अब चौथी हार की बारी : अभिषेक बनर्जी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को लोकसभा में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसे पश्चिम बंगाल में लगातार तीन चुनावों में हार का मुंह देखना पड़ा और अब चौथी हार भी करीब है। उन्होंने सदन में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि इस सरकार में जन्म से लेकर अंतिम संस्कार तक, हर चीज पर कर लगाया जा रहा है। तृणमूल सांसद ने कहा कि बजट में पश्चिम बंगाल का नाम भी नहीं लिया गया। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव, 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा को तीन चुनावों में निर्णायक हार का सामना करना पड़ा और अब चौथी हार भी करीब है। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम एक ऐसे भारत में रह रहे हैं जहां किसी को बांग्ला बोलने से बांग्लादेशी और मछली खाने से मुगल घोषित किया जाता है। तृणमूल नेता ने कहा कि यह संघवाद की सरकार नहीं है, बल्कि यह संदेश दिया जा रहा है कि ''हमारे हिसाब से चलो, अन्यथा ठीक कर दिए जाओगे। अभिषेक ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उल्लेख करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में इस कवायद के दौरान 150 लोगों की मौत हो चुकी है और एक करोड़ लोगों को चुनावी रूप से संदेह के दायरे में खड़ा कर दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि समाज में नफरत फैलाने के मामलों में सरकार के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। तृणमूल नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। लेकिन भाजपा में शामिल हुए विपक्ष के नेताओं को वाशिंग मशीन में पाक-साफ कर दिया गया।

### नोटिस देने से पहले एक बार बिरला से बात करनी चाहिए थी : अभिषेक बनर्जी

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस पर हस्ताक्षर करने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन यह कदम उठाने से पहले विपक्षी दलों को लोकसभा अध्यक्ष के सामने अपनी शिकायतें रखनी चाहिए थी। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए लोकसभा सदस्य अभिषेक ने कहा कि विपक्ष द्वारा बिरला को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने से पहले उन्हें एक मौका दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस को लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं है। हमारे सभी 28 सांसद इस पर हस्ताक्षर करेंगे। लेकिन अविश्वास प्रस्ताव लाने से पहले हम चाहते हैं कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल लोकसभा अध्यक्ष को एक पत्र लिखें, जिसमें उन चार मुद्दों का उल्लेख किया जाए जिन्हें लेकर उन्हें आपत्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि अध्यक्ष कार्रवाई नहीं करते या चारों मुद्दों पर संतोषजनक जवाब नहीं देते, तो तीन दिन बाद अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। तृणमूल नेता ने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि लोकसभा सुचारू रूप से चले।

## आई-पैक छापेमारी मामला : ईडी की याचिका पर सुनवाई 18 फरवरी तक स्थगित

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर सुनवाई 18 फरवरी तक के लिए मंगलवार को स्थगित कर दी जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित राज्य सरकार पर कथित कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मामले में आई-पैक कार्यालय और उसके निदेशक के परिसरों पर की गई छापेमारी के दौरान बाधा डालने का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायामूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने के बाद मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इस पर सहमत हुए।

## चुनाव आयोग की उच्चस्तरीय टीम मार्च की शुरुआत में राज्य दौरे पर, होगी अहम बैठकें

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनावी तैयारियों की प्रगति का जायजा लेने के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) की एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि टीम 1 और 2 मार्च को राज्य के दौरे पर आएगी। आयोग सूत्रों के अनुसार, इस दौरान केंद्रीय अधिकारी संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ), पुलिस आयुक्तों (सीपी) और जिला पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ सीधे बैठक करेंगे। सूत्रों ने बताया कि केवल प्रशासनिक अधिकारियों ही नहीं, बल्कि चुनाव अवधि के दौरान निगरानी और कानून-व्यवस्था से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के साथ भी अलग-अलग बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों का उद्देश्य जमीनी स्तर पर चुनावी तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधों और आचार संहिता के पालन की स्थिति का आकलन करना है।

कृण्वन्तो विश्वमार्यम् | ।। ओ३म्।। | विश्व को आर्य (श्रेष्ठ) बनायें ।



आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में




# आर्य महासम्मेलन

दिनांक: 12 फरवरी गुरुवार से 15 फरवरी रविवार 2026 तक
फाल्गुन कृष्ण पक्ष दशमी से फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, सम्वत् 2082

मान्यवर, आप सभी को सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि वैचारिक क्रान्ति के अग्रदूत, महान समाज सुधारक, वेदोद्धारक महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा आर्य समाज स्थापना के150वें वर्ष के अवसर पर बंगाल की समस्त आर्य समाजों द्वारा एक भव्य आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सभी कार्यक्रमों में आप सपरिवार, इष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।

स्थान : विवेकानन्द हॉल, रामकृष्ण मंच, 105, विवेकानन्द रोड, कोलकाता-700 006

**प्रथम दिवस : गुरुवार, 12 फरवरी 2026**
- प्रातः 10 से 1 बजे तक — उद्‌घाटन सत्र एवं महर्षि महिमा सम्मेलन
- सायं 5 से 8 बजे तक — धर्म सम्मेलन — अनेक मत सम्प्रदायों के धर्मगुरुओं की गरिमामयी उपस्थिति में

**द्वितिय दिवस : शुक्रवार, 13 फरवरी 2026**
- प्रातः 10 से 1 बजे तक — वर्ण व्यवस्था सम्मेलन — विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं वैदिक विद्वानों द्वारा
- सायं 5 से 8 बजे तक — भाषण प्रतियोगिता — विद्यालय के बच्चों एवं वैदिक विद्वानों द्वारा

**तृतीय दिवस : शनिवार, 14 फरवरी 2026**
- प्रातः 10 से 1 बजे तक — परिचर्चा — राष्ट्र को आर्य समाज की देन — मुख्य अतिथि एवं वक्ता : महामहिम डॉ. आरिफ मोहम्मद खान (राज्यपाल, बिहार)
- सायं 5 से 6 बजे तक — ** सम्मान समारोह ** — * श्री दीनदयाल जी गुप्ता (अध्यक्ष, डालर इंडस्ट्रीज) * सुश्री प्राची आर्या, सुपौत्री : श्री खुशहाल चंद आर्य (पायलट, इंडिगो एयरलाइंस)
- सायं 6 से 8 बजे तक — आर्य सम्मेलन — आगामी शताब्दी में आर्य समाज के विचारों की आवश्यकता

**चतुर्थ दिवस : रविवार, 15 फरवरी 2026**
स्थान : शिमला व्यायाम समिति पार्क, 9बी, काली सिंघी लेन
- सायं 4.00 बजे से — बहुकुण्डीय यज्ञ
- सायं 5.00 बजे से — महर्षि महिमा पर्व
- सायं 7.45 बजे से — धन्यवाद ज्ञापन

**दैनिक यज्ञानुष्ठान**
चतुर्वेद शतकम् यज्ञ
यज्ञ आचार्य : आचार्य राहुल देव जी, श्री योगेशराज उपाध्याय
दिनांक : 12, 13, 14, 15 फरवरी 2026
समय : प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 9 तक
स्थान : आर्य समाज कलकत्ता
19, विधान सरणी, कोलकाता-700006

**आमंत्रित विद्वतगण:**
- * डॉ. ज्वलन्त कुमार शास्त्री (प्रोफेसर 'अवकाशप्राप्त', रणवीर रणजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी)
- * प्रो. विनय विद्यालंकार (प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, बेतालघाट, नैनीताल)
- * पं. प्रदीप शास्त्री (भजनोपदेशक, फरीदाबाद)
- * स्वामी जपोसिद्धानन्दजी महाराज (अध्यापक विवेकानन्द विश्वविद्यालय)
- * रेव. अर्पन मखाल (प्रेसबिटर-इन-चार्ज, डफ चर्च)
- * मो. शफीक कासमी (इमाम साहब, नाखुदा मस्जिद, कलकत्ता)
- * कुमारी सुप्रिया बहन (ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय, कलकत्ता)
- * डॉ. प्रेमलता जैन (चौरडिया) (सहायक प्रोफेसर, लांडनू जैन विश्वभारती)

**संयोजक मण्डल**
- श्री राजकुमार शर्मा (सिलीगुडी)
- श्री सुभाष नकीपुरिया (सिलीगुडी)
- श्री सत्येन्द्र आर्य (सिलीगुडी)
- श्री अशोक आर्य (सिलीगुडी)
- श्री जगदीश प्रसाद केडिया (आसनसोल)
- श्रीमती पूनम सिंह (टीटागढ़)
- श्रीमती विभा नरूला (भवानीपुर)
- श्री राजेश आर्य (हावड़ा)
- श्री अरुण आर्य (हावड़ा)
- श्री नीतेश बंका (हावड़ा)
- श्री अभिषेक राठी (हावड़ा)
- श्री आलोक गुप्ता (हावड़ा)
- श्री जोगेन्द्र गुप्ता (बड़ाबाजार)
- श्री मनोज गुप्ता (बड़ाबाजार)
- श्री रोनी हेला (बड़ाबाजार)
- श्री विनय अग्रवाल (बड़ाबाजार)
- श्री रमेश अग्रवाल (बड़ाबाजार)
- श्री ध्रुवचन्द्र जायसवाल (कोलकाता)
- श्री सुरेन्द्र सिंह राजपूत (कोलकाता)
- श्री राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल (कोलकाता)
- श्री अच्छेलाल सेठ (कोलकाता)
- श्री मदन लाल सेठ (कोलकाता)
- श्री राजमणि वर्मा (कोलकाता)
- श्री जुगल किशोर गोयल (कोलकाता)
- श्री सुरेश अग्रवाल (कोलकाता)
- श्री छोटेलाल सेठ (कोलकाता)
- श्री आशाराम जायसवाल (कोलकाता)
- श्री आनन्द प्रकाश गुप्ता (कोलकाता)
- श्री सुदेश कुमार जायसवाल (कोलकाता)
- श्री ओम प्रकाश सेठ (कोलकाता)
- श्री कृष्ण कुमार जायसवाल (कोलकाता)
- श्री उदय सेठ (कोलकाता)
- श्री सुबीर पोद्दार (कोलकाता)
- श्रीमती पद्मिनी जायसवाल (कोलकाता)
- श्रीमती मोनिका अग्रवाल (कोलकाता)

आयोजक : **आर्य समाज स्थापना समारोह समिति**, 19, विधान सरणी, कोलकाता-700006

निवेदक :
- आनन्द देव आर्य (प्रधान) 8100823551
- दीनदयाल गुप्ता (स्वागताध्यक्ष) 9836111197
- प्रमोद अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) 9339873012
- दीपक आर्य (मंत्री) 7980496276

सहयोगी संस्था: ग्यारोग्राम अरोग्य निकेतन, लक्ष्मी नारायण केडिया चेरिटेबल टस्ट्र, यौगिक संघ, बनवासी कल्याण आश्रम

# मरीजों की 'रेफर' परेशानी दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया 'बेड-वॉच' कंट्रोल रूम



**कोलकाता, समाज्ञा :** जिला अस्पतालों से शहर के अस्पतालों में रेफर किए जाने के बाद मरीजों को बेड न मिलने की समस्या को दूर करने के लिए राज्य स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य भवन में 'बेड-वॉच' नामक एक नया इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम शुरू किया है। यह पहल 9 फरवरी से लागू हो गई है। इसमें 12 अधिकारी तैनात रहेंगे, डॉ. देबयानी बंद्योपाध्याय, डॉ. सुनेत्रा कबिराज राय, डॉ. तौसिफ रबी, डॉ. सुमन दत्ता, डॉ. तनुजा कबीर, डॉ. सुष्मिता चक्रवर्ती, डॉ. जयश्री पाठक, दिलीप कुमार गिरी गोस्वामी, जयती बंद्योपाध्याय, रुचिरा बंद्योपाध्याय, तुहिन राय और प्रीतम दास। यह कंट्रोल रूम सोमवार से शनिवार तक दो शिफ्ट में काम करेगा, पहली सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक और दूसरी दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी अस्पतालों में आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। कोलकाता मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इंद्रनील विश्वास ने बताया कि इस नई व्यवस्था से मरीजों के परिजनों को काफी राहत मिलेगी। गांव से किसी मरीज को शहर के अस्पताल में रेफर करने से पहले संबंधित अस्पताल के अधिकारी कंट्रोल रूम में फोन कर यह जान सकेंगे कि वहां बेड उपलब्ध है या नहीं। जहां बेड खाली होगा, मरीज को वहीं भेजा जाएगा, जिससे अनावश्यक भटकाव से बचा जा सकेगा। कंट्रोल रूम के नंबर हैं (033) 2333 0542 और (033) 2357 7926। इसके कामकाज की निगरानी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. दीपंकर माझी करेंगे। कंट्रोल रूम की सदस्य डॉ. जयश्री पाठक ने बताया कि रेफरल व्यवस्था की निगरानी के साथ-साथ यह भी देखा जाएगा कि सरकारी अस्पतालों की ओपीडी सेवाएं तय समय पर खुल रही हैं या नहीं। नियम के अनुसार, ओपीडी निर्धारित समय तक खुली रहनी चाहिए और उससे पहले डॉक्टरों के अनुपस्थित रहने की शिकायतों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

## योग्य होने के बावजूद पांच साल बाद भी नियुक्ति नहीं, एसएससी भर्ती मामले में हाई कोर्ट ने मांगा जवाब



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) की भर्ती प्रक्रिया एक बार फिर न्यायिक जांच के दायरे में आ गई है। 2021 की एसएससी भर्ती परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली एक अभ्यर्थी को अब तक नियुक्ति पत्र न मिलने पर कोलकाता हाई कोर्ट ने संबंधित बोर्ड से विस्तृत जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ ने निर्देश दिया है कि देरी के कारणों की स्पष्ट जानकारी रिपोर्ट के रूप में अदालत में प्रस्तुत की जाए। मामले की याचिकाकर्ता हावड़ा की निवासी रानी सोनार हैं, जिन्होंने संथाली माध्यम से परीक्षा दी थी। मेरिट सूची में उच्च स्थान प्राप्त करने के बावजूद उन्हें शिक्षक पद पर नियुक्ति नहीं दी गई। इस लंबित नियुक्ति को लेकर अदालत ने सवाल उठाया कि प्रशासनिक कारणों के नाम पर किसी योग्य उम्मीदवार को वर्षों तक प्रतीक्षा में नहीं रखा जा सकता। सुनवाई के दौरान एक अन्य शिक्षक से जुड़ा गंभीर मामला भी सामने आया। आरोप है कि स्कूल के मुद्दों पर विरोध जताने के कारण गत वर्ष 16 जुलाई को स्कूल परिसर में उनके साथ मारपीट की गई। घटना के बाद वे स्कूल जाना बंद करने को मजबूर हुए। इस पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाया। हाई कोर्ट ने कांथी महकमा के अतिरिक्त स्कूल निरीक्षक को हमले के आरोप पर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। साथ ही, संबंधित शिक्षक को बुधवार से फिर से स्कूल जॉइन करने की अनुमति दी गई है। स्कूल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि उनके कार्य में कोई बाधा न आए। मामले की अगली सुनवाई 10 मार्च को होगी। अदालत की सख्ती के बाद भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और जवाबदेही पर फिर से बहस तेज हो गई है।

## पारा शिक्षकों ने वेतन बढ़ाने की मांग की पर विकास भवन के बाहर किया प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में पारा शिक्षकों ने वेतन बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय के निकट प्रदर्शनकारियों की पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की हुई। राज्य में पारा शिक्षकों के संगठन 'संग्रामी शिक्षक मंच' के करीब 500 सदस्यों ने साल्टलेक इलाके में करुणामयी से मार्च निकाला। हालांकि, उन्हें राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन की ओर जाने से रोक दिया गया। प्रदर्शनकारी पारा शिक्षकों को पुलिसवालों से धक्का-मुक्की करते और राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु से मुलाकात की मांग को लेकर सड़क पर बैठे, लेकिन उनकी अपील ठुकरा दी गई। संगठन के एक सदस्य बिजोन नस्कर ने कहा कि पुलिस ने इलाके में प्रतिबंध आदेशों का हवाला दिया। मुझे हैरानी है कि प्रशासन को पांच सदस्यों वाले शिष्टमंडल को मंत्री या दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर हमारी मांगों की सूची सौंपने की इजाजत देने से कौन रोक रहा है। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षकों को हर महीने 9,000 से 10,000 रुपये के बीच भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं कि इसे कम से कम 15,000 रुपये तक बढ़ाया जाए।

## सीयू कैंपस में छात्रा को यौन उत्पीड़न की धमकी, बाहरी तृणमूल छात्र नेता पर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता विश्वविद्यालय के परिसर में एक छात्रा को यौन उत्पीड़न की धमकी दिए जाने का मामला सामने आने के बाद विवाद गहरा गया है। आरोप एक बाहरी तृणमूल छात्र नेता आयब मोल्ला पर लगाया गया है। इस संबंध में अधिवक्ता रितंकर दास ने कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य न्यायाधीश सुजय पॉल ने आश्वासन दिया है कि मामला औपचारिक रूप से दायर होने पर इस पर सुनवाई की जाएगी। यह घटना पिछले शुक्रवार को कोलकाता विश्वविद्यालय के बालीगंज परिसर में हुई। आरोप है कि संबंधित छात्र नेता ने एक छात्रा के साथ दुर्व्यवहार किया और उसे धमकी दी। पीड़ित छात्रा जब थाने में शिकायत दर्ज कराने और सोमवार को विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में अपनी शिकायत रखने पहुंची, तब भी उसे कथित रूप से धमकियों का सामना करना पड़ा। घटना के बाद परिसर में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है और मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।

## विष्णुपुर में एआई का गलत इस्तेमाल करने पर माध्यमिक के 39 छात्रों की परीक्षा रद्द

**बांकुड़ा :** कार्यालय के काम से लेकर पढ़ाई तक हर क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। लेकिन एआई टूल के गलत इस्तेमाल के चलते इस बार राज्य में माध्यमिक परीक्षा दे रहे कई छात्रों को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रामानुज गांगुली ने बताया कि मोबाइल फोन के जरिए एआई टूल का उपयोग करने की कोशिश करते हुए अब तक राज्य में 38 से 39 परीक्षार्थियों की माध्यमिक परीक्षा रद्द कर दी गई है। रामानुज गांगुली ने यह जानकारी मंगलवार को बांकुड़ा के विष्णुपुर में विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने के दौरान दी। उन्होंने बताया कि राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मोबाइल फोन के जरिए एआई का उपयोग कर परीक्षा देने की घटनाएं सामने आई हैं। पहले से घोषित नियमों के अनुसार, पकड़े गए सभी परीक्षार्थियों की परीक्षा तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई है। साथ ही, बोर्ड अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि इस बार राज्य में प्रश्नपत्र लीक करने वाले गिरोह पर पूरी तरह लगाम लगा दी गई है। उनके अनुसार, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं।

वहीं, माध्यमिक की गणित परीक्षा के प्रश्नपत्र में गलत सवाल होने को लेकर जो भ्रम फैला था, उसे भी बोर्ड अध्यक्ष ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र में गलती होने को लेकर बेवजह अफवाहें फैलाई जा रही हैं। अब तक विशेषज्ञों की ओर से इस संबंध में कोई पुष्टि नहीं की गई है, इसलिए इस मुद्दे पर अनावश्यक चर्चा से बचना चाहिए। दूसरी ओर, माध्यमिक परीक्षा शुरू होने के बाद से ही कई जिलों से परीक्षार्थियों के परीक्षा के दौरान अस्वस्थ होने की खबरें भी सामने आई हैं। कई छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां उन्हें बिस्तर पर बैठकर ही परीक्षा देने की व्यवस्था की गई। माध्यमिक बोर्ड की ओर से परीक्षा की पवित्रता बनाए रखने के लिए सख्ती जारी है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया जा रहा है।

## जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने 'हियर नाउ' अभियान का अगला चरण शुरू किया

कोलकाता, समाज्ञा : जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने राष्ट्रीय ब्रांड अभियान 'हियर नाउ' के अगले चरण की शुरुआत की है। इस चरण में जीवन के दो महत्वपूर्ण पड़ाव-बच्चों के भविष्य की आकांक्षाएं और सुरक्षित सेवानिवृत्ति पर केंद्रित जीवन बीमा समाधान प्रस्तुत किए जा रहे हैं। 2025 में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त उद्यम भागीदार बनने के बाद कंपनी अपनी नई पहचान के साथ परिवारों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। अभियान का उद्देश्य लोगों को समय रहते सूचित वित्तीय निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे अपने और अपने परिवार के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकें। कंपनी खुद को जीवन के हर चरण में ग्राहकों के भरोसेमंद साथी के रूप में स्थापित कर रही है। एमडी और सीईओ आलोक रुंगटा ने कहा कि वर्ष की शुरुआत वित्तीय योजना के लिए अहम समय होता है, जब जीवन बीमा को सपनों को साकार करने के साधन के रूप में देखना जरूरी है।

## बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईइन्वेस्ट अल्टिमा' और नया मिड-कैप फंड किया लॉन्च

कोलकाता, समाज्ञा : बंधन ग्रुप की जीवन बीमा कंपनी, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) 'आईइन्वेस्ट अल्टिमा' लॉन्च किया है। इसके साथ कंपनी ने एक नया मिड-कैप फंड भी पेश किया है, जो निवेशकों को भारत की उभरती मध्यम आकार की कंपनियों में निवेश का अवसर प्रदान करता है। यह फंड 10 के नेट एसेट वैल्यू पर लॉन्च हुआ है और 18 फरवरी 2026 तक निवेश के लिए खुला रहेगा। 'आईइन्वेस्ट अल्टिमा' में एक्सीडेंटल डेथ बेनिफिट राइडर, लॉयल्टी रिवॉर्ड्स और पॉलिसी के 15वें वर्ष से मॉर्टेलिटी शुल्क की 100% वापसी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह योजना 30 से 50 वर्ष आयु वर्ग के उन ग्राहकों के लिए उपयुक्त है, जो बाजार आधारित निवेश को समझते हैं और सालाना 2 लाख या उससे अधिक निवेश कर सकते हैं। महिला ग्राहकों को शुरुआती पांच वर्षों के लिए अतिरिक्त प्रीमियम अलोकेशन का लाभ भी मिलेगा। एमडी एवं सीईओ सतीश्वर बी. ने कहा कि यह योजना सुरक्षा और संभावित बेहतर रिटर्न का संतुलन प्रदान करती है।

## पुराने हो चुके बनारस और चांदमारी ब्रिज के पुनर्निर्माण में देरी, पूर्व रेलवे ने जताई चिंता



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने बामनगाछी/बनारस ब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर उठे सवालों के बीच परियोजना की वर्तमान स्थिति पर आधिकारिक जानकारी दी है। मंडल ने कहा कि बनारस ब्रिज (निर्माण वर्ष 1904) और चांदमारी ब्रिज (निर्माण वर्ष 1933) अपनी निर्धारित आयु से काफी आगे निकल चुके हैं और संरचनात्मक कमजोरी के कारण तकनीकी निगरानी में रखे गए हैं। दोनों पुलों के पुनर्निर्माण का कार्य पूरी तरह रेलवे निधि से किया जा रहा है। बनारस ब्रिज परियोजना की स्वीकृत लागत 70.69 करोड़ तथा चांदमारी ब्रिज की 173.94 करोड़ है। रेलवे सीमा के अंदर मुख्य पुल संरचनाओं का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष कार्य, जो रेलवे सीमा के बाहर सड़क अप्रोच निर्माण से जुड़ा है, राज्य सरकार से यातायात नियमन संबंधी प्रशासनिक स्वीकृति पर निर्भर है। रेलवे ने इस संबंध में राज्य प्रशासन को कई पत्र भेजे हैं और बैठकें भी की हैं, परंतु अनुमतियां अभी लंबित हैं। रेलवे ने कहा कि जनसुरक्षा और निर्बाध रेल परिचालन के हित में शेष कार्य शीघ्र पूरा किया जाना आवश्यक है। आवश्यक स्वीकृति मिलते ही कार्य तुरंत पूरा किया जाएगा।

## पूर्वी कमान के अलंकरण समारोह में सेना के जवानों को वीदता पदक प्रदान किये गये

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेघालय के उमरोई सैन्य केंद्र में मंगलवार को आयोजित सेना की पूर्वी कमान के वार्षिक अलंकरण समारोह में जवानों को कुल 37 वीरता और विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए गए। एक रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने एक बयान में कहा कि अनुकरणीय साहस, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवा को लेकर आयोजित किये गये इस समारोह की अध्यक्षता पूर्वी कमान के 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी)' लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी ने की। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट वीरता, नेतृत्व और निस्वार्थ सेवा कार्यों को मान्यता देते हुए कुल 37 वीरता एवं विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए गए जिनमें 19 सेना पदक (वीरता), सात सेना पदक (विशिष्ट), दो युद्ध सेवा पदक, एक विशिष्ट सेवा पदक, सात विशिष्ट सेवा पदक और एक उत्तम जीवन रक्षा पदक शामिल हैं। बयान के अनुसार, इसके अतिरिक्त, असाधारण पेशेवर अंदाज, परिचालन उत्कृष्टता और उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देते हुए, 49 इकाइयों और कोलकाता आर्मी पब्लिक स्कूल को पूर्वी कमान के 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ यूनिट' प्रशस्ति पदक से सम्मानित किया गया। अधिकारी ने बताया कि समारोह में भारतीय रक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी और वीर नारियों समेत पदक प्राप्तकर्ताओं के परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीओसी-इन-सी ने पदक विजेताओं को उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए बधाई दी और सभी कर्मियों से 'भारतीय सेना की सर्वोच्च परंपराओं, मूल्यों और लोकाचार को बनाए रखने' का आह्वान किया। बयान के अनुसार, अलंकरण समारोह से पहले सोमवार को 'शौर्य संध्या' नामक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया और साहस एवं बलिदान की भावना का जश्न मनाया गया।

## टीसीआई ने वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय वृद्धि दर्ज की

**कोलकाता, समाज्ञा :** ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही और वित्तीय वर्ष 2026 के पहले नौ महीनों के लिए अपने समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने इस तिमाही में 12,609 मिलियन का समेकित राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 11,539 मिलियन की तुलना में 9.3 प्रतिशत अधिक है। ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पूर्व लाभ (ईबीआईटीडीए) 1,616 मिलियन रहा, जो वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के 1,478 मिलियन से 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी का शुद्ध लाभ (पीएटी) भी 13.4 प्रतिशत बढ़कर 1,158 मिलियन हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,021 मिलियन था। प्रबंध निदेशक विनीट अग्रवाल ने कहा कि तिमाही के दौरान त्योहारी मांग के चलते लॉजिस्टिक्स गतिविधियों में तेजी रही। ऑटोमोटिव, एफएमसीजी और एमएसएमई क्षेत्रों में एकीकृत लॉजिस्टिक्स समाधानों की मांग मजबूत रही, जबकि कंपनी ने रेल, तटीय और वेयरहाउसिंग सेवाओं का विस्तार जारी रखा।

## केनव्यू ने ओआरएसएल और ईआरजेडएल के साथ भारत में पेश किया 'कम्प्लीट हाइड्रेशन' समाधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** केनव्यू ने भारत में अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए ओआरएसएल और ईआरजेडएल के साथ दो-ब्रांड रणनीति की घोषणा की है। कंपनी का उद्देश्य डायरियल डिहाइड्रेशन और रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों-दोनों के लिए विज्ञान-आधारित समाधान उपलब्ध कराना है। ओआरएसएल विश्व स्वास्थ्य संगठन के फॉर्मूले पर आधारित ओआरएस समाधान है, जो डायरिया से होने वाले डिहाइड्रेशन के लिए तैयार-टू-ड्रिंक और पाउडर रूप में उपलब्ध है। वहीं, ईआरजेडएल रोजमर्रा की हाइड्रेशन, थकान और कमजोरी से उबरने के लिए विकसित इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक है। कंपनी के अनुसार, इसकी नई संरचना तेज हाइड्रेशन में मदद करती है, इसमें 1.4 गुना अधिक इलेक्ट्रोलाइट्स और 8 गुना कम शुगर है। केनव्यू इंडिया के प्रबंध निदेशक मनीष आनंदानी ने कहा कि बढ़ती गर्मी और बदलती जीवनशैली के बीच हाइड्रेशन एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य आवश्यकता बन गया है। कंपनी बीमारी और दैनिक देखभाल दोनों स्तरों पर बेहतर हाइड्रेशन समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सियालदह-बनगांव रूट पर तीन दिन बदला रहेगा लोकल ट्रेनों का संचालन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के नारकेलडांगा कारशेड में पिट लाइन मरम्मत कार्य के कारण सियालदह-बनगांव रेलखंड पर एक जोड़ी लोकल ट्रेनों की सेवा में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। यह कार्य 11 फरवरी 2026 की रात 10 बजे से 13 फरवरी 2026 की रात 10 बजे तक चलेगा। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 33858 बनगांव-सियालदह लोकल 11 और 12 फरवरी को दमदम कैंटोनमेंट स्टेशन पर ही आंशिक रूप से समाप्त कर दी जाएगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 33815 सियालदह-बनगांव लोकल 12 और 13 फरवरी को दमदम कैंटोनमेंट स्टेशन से ही आंशिक रूप से प्रारंभ होगी। इस दौरान यात्रियों को दमदम कैंटोनमेंट और सियालदह के बीच यात्रा के लिए वैकल्पिक ट्रेनों का उपयोग करना होगा।

### दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन बढ़ाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए दो विशेष ट्रेनों के परिचालन की अवधि बढ़ाने की घोषणा की है। इसके तहत, ट्रेन संख्या 06081 तिरुवनंतपुरम नॉर्थ-सांतरागाछी स्पेशल अब 27 फरवरी 2026 से 6 मार्च 2026 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलती रहेगी। वहीं, वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 06082 सांतरागाछी-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ स्पेशल 2 मार्च 2026 से 9 मार्च 2026 तक सेवा देगी। इन विशेष ट्रेनों के विस्तार से त्योहारों और यात्रा सीजन के दौरान बढ़ी हुई मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

## उच्च माध्यमिक परीक्षा से पहले लंबी लाइन में खड़े छात्र लाइन में लगे परीक्षार्थियों का फूटा गुस्सा



**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के श्रीरामपुर महकमा अदालत में कई इलाकों में वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और नागरिकता संबंधी सुनवाई को लेकर भारी अव्यवस्था की शिकायत सामने आई। खासकर उच्च माध्यमिक परीक्षा से ठीक पहले छात्रों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा। छात्रों ने पढ़ाई प्रभावित होने का आरोप लगाया। छात्रों का आरोप है कि उन्हें सुबह साढ़े नौ बजे फोन कर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया। यह भी बताया गया कि आज ही अंतिम तारीख है, अन्यथा मतदाता सूची से नाम काट दिया जाएगा या अगली सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। मजबूरी में कई छात्र-छात्राएं लंबी कतार में खड़े हुए, जहां यह स्पष्ट नहीं था कि उनकी सुनवाई कब पूरी होगी। एक छात्र ने बताया कि परसों से उच्च माध्यमिक परीक्षा शुरू हो रही है। ऐसे समय में घंटों लाइन में खड़े रहने से पढ़ाई का भारी नुकसान हो रहा है। कई छात्र-छात्राओं को भारतीय नागरिक होने का प्रमाण देने के लिए दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। उनका कहना है कि परीक्षा के समय इस तरह की प्रक्रिया मानसिक तनाव बढ़ा रही है। वहीं, दूसरी ओर, राजनीतिक बयानबाज़ी भी तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की प्रक्रियाओं के कारण छात्रों को परेशान किया जा रहा है। पार्टी का कहना है कि इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता के रूप में लड़ाई लड़ रही हैं। हालांकि, विपक्ष का कहना है कि चुनाव आयोग द्वारा जारी नोटिस एक सामान्य प्रक्रिया है, जिसमें किसी भी नागरिक को कभी भी बुलाया जा सकता है। इधर, छात्रों और अभिभावकों ने मांग की है कि परीक्षा के समय ऐसी प्रक्रियाओं को स्थगित किया जाए या छात्रों के लिए अलग व्यवस्था की जाए ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

## यूनानी दिवस पर विरासत के साथ भविष्य की चुनौतियों पर भी चर्चा जरूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत सरकार वर्ष 2016 से हर साल 11 फरवरी को विश्व यूनानी दिवस मनाती है। यह दिन महान चिकित्सक और समाज सुधारक हकीम अजमल खान की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर देशभर में संगोष्ठियां, स्वास्थ्य शिविर, जन-जागरूकता अभियान और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिनका उद्देश्य यूनानी चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सीजीएचएस, कोलकाता में तैनात सीनियर मेडिकल ऑफिसर (यूनानी) डॉ. मोहम्मद रहमतुल्लाह रहमानी के अनुसार, यूनानी चिकित्सा केवल इलाज की पद्धति नहीं, बल्कि लगभग ढाई हजार वर्षों से विकसित होती आ रही वैज्ञानिक और दार्शनिक परंपरा है। इसकी नींव प्राचीन यूनान के हिप्पोक्रेट्स और गैलेन जैसे विद्वानों ने रखी, जबकि इब्न सिना और ज़करिया राजी ने इसे स्वर्ण युग तक पहुंचाया। भारत में हकीम अजमल खान ने इस पद्धति को आधुनिक संदर्भ से जोड़ा। स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने सीसीआरयूएम की स्थापना कर यूनानी चिकित्सा अनुसंधान को संस्थागत आधार दिया। बावजूद इसके, डॉ. रहमानी मानते हैं कि यूनानी दिवस का असर अक्सर अल्पकालिक रह जाता है। देश में लगभग 57 यूनानी मेडिकल कॉलेजों से हर वर्ष हजारों छात्र निकलते हैं, लेकिन रोजगार के अवसर सीमित हैं। कई संस्थानों में पर्याप्त क्लिनिकल प्रशिक्षण और आधुनिक जांच सुविधाओं का अभाव भी बड़ी चुनौती है। उनका कहना है कि यूनानी चिकित्सा को सशक्त बनाने के लिए वैज्ञानिक शोध, क्लिनिकल ट्रायल, बेहतर प्रशिक्षण ढांचा और औषधि उद्योग से समन्वय जरूरी है। यूनानी दिवस को प्रतीकात्मक आयोजन से आगे बढ़ाकर दीर्घकालिक नीतिगत सुधारों से जोड़ना समय की मांग है।

## बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने बजाज फिनसर्व लो ड्यूरेशन फंड किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने अपने नए डेट उत्पाद बजाज फिनसर्व लो ड्यूरेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड लो ड्यूरेशन डेट स्कीम है, जिसे उन निवेशकों के लिए तैयार किया गया है जो अल्पकालिक निवेश के साथ बेहतर लिक्विडिटी और स्थिर आय की तलाश में हैं। इस फंड का न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 9 फरवरी से खुल चुका है और 16 फरवरी 2026 को बंद होगा। यह योजना अपनी निवेश रणनीति के तहत मैकॉले ड्यूरेशन को 6 से 12 महीनों के दायरे में रखेगी, जिससे यह शॉर्ट-टर्म अधिशेष धन निवेश के लिए उपयुक्त विकल्प बन सकती है। कंपनी के मुख्य निवेश अधिकारी निमेश चंदन के अनुसार, यह फंड कम उतार-चढ़ाव के साथ स्थिर रिटर्न देने पर केंद्रित है। उनका कहना है कि मौजूदा लिक्विडिटी परिस्थितियां शॉर्ट-टर्म यील्ड्स को सपोर्ट कर रही हैं, जिससे निवेशकों को एक्रूअल इनकम और संभावित कैपिटल गेन के अवसर मिल सकते हैं।

## प्यार के मौसम में अमेजन बाजार पर गिफ्ट्स सिर्फ 99 से शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैलेंटाइन डे के मौके पर अमेजन बाजार ने ग्राहकों के लिए किफायती गिफ्टिंग विकल्प पेश किए हैं, जिनकी कीमतें मात्र 99 से शुरू हो रही हैं। 6 से 14 फरवरी तक चलने वाले इस विशेष अभियान में दोस्त, पार्टनर और परिवार के लिए चुने हुए उपहारों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है, जिससे कम बजट में भी अपने जज्बात जाहिर करना आसान हो गया है। फैशन, एक्सेसरीज और रोजमर्रा के उपयोगी उत्पादों सहित कई श्रेणियों में आकर्षक विकल्प शामिल किए गए हैं। पुरुषों के लिए शर्ट, पर्सनलाइज़्ड वॉलेट सेट और स्टाइलिश घड़ियाँ, वहीं महिलाओं के लिए ट्रेंडी टॉप, हैंडबैग और ज्वेलरी सेट ग्राहकों की पसंद में शामिल हैं। अमेजन बाजार अतिरिक्त कैशबैक ऑफर और सभी ऑर्डर्स पर फ्री डिलीवरी जैसी सुविधाएं भी दे रहा है। कंपनी का कहना है कि भरोसेमंद शॉपिंग अनुभव और अल्ट्रा-अफोर्डेबल कीमतों के साथ यह स्टोर वैलेंटाइन गिफ्टिंग को सरल और सुलभ बनाने की दिशा में एक खास पहल है।

## भारतीय रेल की ऐतिहासिक पहल: नमक लोडिंग के लिए स्टेनलेस स्टील कंटेनरों का सफल ट्रायल




**अहमदाबाद/कोलकाता :** अहमदाबाद मंडल के भीमासर-गांधीधाम सेक्शन में भारतीय रेल ने माल ढुलाई के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। नमक जैसे संक्षारक थोक कार्गो के परिवहन के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए यह कंटेनरों का यहां पहला सफल ट्रायल किया गया। यह पहल तकनीकी नवाचार के साथ-साथ सुरक्षित, तेज़ और आधुनिक माल परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक अहम कदम है। इस ट्रायल से यह साफ हो गया है कि पारंपरिक खुले वैगनों की तुलना में कंटेनर आधारित परिवहन अधिक प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल हो सकता है।

**✒ आधुनिक कंटेनर डिजाइन और तेज लोडिंग प्रणाली**

कंटेनरों की लोडिंग प्रक्रिया को सरल और तेज़ बनाया गया है। नमक की लोडिंग साइलो सिस्टम के माध्यम से या ऊपर से पोकलेन मशीन की मदद से की जा सकती है। प्रत्येक कंटेनर के ऊपर 7 4 फीट आकार के दो बड़े ओपनिंग दिए गए हैं, जिनसे पूरी तरह मशीनी और सुरक्षित लोडिंग संभव होती है।

ट्रायल के दौरान प्रति कंटेनर लोडिंग में 15 मिनट से भी कम समय लगा। कुल 28 पोकलेन बकेट्स के माध्यम से प्रत्येक कंटेनर में नमक लोड किया गया, जो इस व्यवस्था की उच्च दक्षता और बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है।

**✒ तेज़ अनलोडिंग और बेहतर उपयोगिता**

अनलोडिंग की प्रक्रिया भी उतनी ही आसान और तेज़ रही। हाइड्रॉलिक टिपर ट्रक की सहायता से कंटेनर को लगभग 45 डिग्री तक झुकाकर 5 मिनट से भी कम समय में पूरा नमक खाली कर दिया गया। कंटेनर के साइड में दिए गए दरवाज़ों से नमक अपने आप नीचे गिर जाता है, जिससे कोई अवशेष नहीं बचता और अतिरिक्त सफाई की जरूरत भी नहीं पड़ती।

**✒ तेज़, स्वच्छ और कुशल**

**नमक परिवहन की नई दिशा**

एक स्टेनलेस स्टील कंटेनर का खाली वजन लगभग 3 टन है, जिससे बड़े पैमाने पर नमक की ढुलाई समय पर और सुचारु रूप से की जा सकती है। इन कंटेनरों के इस्तेमाल से मैनुअल वैगन क्लीनिंग की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और किसी प्रकार की कोटिंग की जरूरत भी नहीं रहती। लोडिंग और अनलोडिंग जल्दी होने से वैगनों का टर्नअराउंड समय कम होता है और परिचालन क्षमता बढ़ती है। भीमासर-गांधीधाम सेक्शन में किया गया यह पहला ट्रायल भारतीय रेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पहल न केवल तकनीकी रूप से सफल रही है, बल्कि आत्मनिर्भर, सुरक्षित और कुशल माल परिवहन के विजन को साकार करने की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित हुई है।

### जयपुर से दो जापानी पर्यटक लापता : राजस्थान पुलिस

**जयपुर:** राजस्थान की राजधानी जयपुर में घूमने आए दो जापानी पर्यटकों के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अशोक नगर के थाना प्रभारी मोती लाल शर्मा ने बताया कि इन पर्यटकों द्वारा किराए पर ली गई टैक्सी के चालक ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये दोनों पुरुष पर्यटक नयी दिल्ली से जयपुर आए थे और सात फरवरी को एक होटल में रुके। टैक्सी का चालक दोनों पर्यटकों को शनिवार रात अशोक नगर थाना क्षेत्र के एक रेस्तरां ले गया लेकिन वे टैक्सी में वापस नहीं आए। उन्होंने कहा, चालक ने रविवार सुबह तक पर्यटकों का इंतजार किया लेकिन उन्होंने उससे संपर्क नहीं किया। वे अपने होटल भी नहीं पहुंचे जिसके बाद टैक्सी चालक ने पुलिस थाने जाकर सोमवार को शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी के अनुसार इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

### रांची से दो नाबालिग बहनें लापता, जांच जारी

**रांची:** रांची से दो नाबालिग बहनें आठ फरवरी से लापता हैं और उन्हें ढूंढने के लिए तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लापता लड़कियों में से एक की उम्र लगभग 12 साल और दूसरी की उम्र लगभग 16 साल है। रातू थाने के प्रभारी अधिकारी रामनारायण सिंह ने कहा, नौ फरवरी को उसके लापता होने की सूचना मिली थी। हमने एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है और कई स्थानों की जांच कर रहे हैं। इलाके के सीसीटीवी फुटेज का भी विश्लेषण किया जा रहा है। परिवार के सदस्यों के बयानों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि लड़कियां कथित तौर पर आठ फरवरी को एक दुकान पर जाने के लिए घर से निकली थीं और वापस नहीं लौटीं। इससे पहले, चार फरवरी को डोरंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गिरजाटोली गांव से 12 वर्षीय एक लड़की लापता हो गई थी। पुलिस ने उसके बारे में जानकारी देने वाले को 21,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

# 'कयामत' का दिन कभी नहीं आने वाला, बाबरी ढांचा भी कभी दोबारा नहीं बनेगा : योगी आदित्यनाथ

**बाराबंकी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि 'कयामत' का दिन कभी नहीं आने वाला है और इसलिए बाबरी ढांचा भी कभी दोबारा नहीं बनेगा। आदित्यनाथ ने बाराबंकी में एक कार्यक्रम में कहा, हमने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे'। मंदिर बन गया है। क्या कोई शक है? उन्होंने कहा, 'कयामत' का दिन कभी आना ही नहीं है और इसलिए बाबरी ढांचे का पुनर्निर्माण भी कभी होना ही नहीं है। जो लोग कयामत के दिन के आने का सपना देख रहे हैं, वे ऐसे ही सड़-गल जाएंगे। कभी वह वक्त नहीं आने वाला है। श्रीराम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर 2019 को फैसला देते हुए अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर का निर्माण करने और मुसलमानों को मस्जिद के निर्माण के लिए अयोध्या में किसी प्रमुख स्थान पर पांच एकड़ जमीन देने का आदेश दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनवरी



2024 में अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का नेतृत्व किया था। वहीं, दूसरी ओर मुस्लिम पक्ष को अयोध्या के धन्नीपुर गांव में दी गई पांच एकड़ की जमीन पर अभी तक कोई भी निर्माण नहीं हो सका है। आदित्यनाथ ने हिंद केसरी स्वर्गीय महंत बाबा हरिशंकर दास जी महाराज की याद में दुलहदेपुर कुटी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में आयोजित दशम श्री हनुमान विराट महायज्ञ और श्री रामार्चा पूजन में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा, अयोध्या में 500 वर्षों के बाद वह गौरवशाली क्षण (राम मंदिर का निर्माण) हमारे सामने आया। इन 500 वर्षों में अनेक राजा-महाराजा आये, अनेक सरकारें आयीं। वर्ष 1947 में भारत आजाद हुआ और 1952 में पहले चुनाव के बाद सरकारें बनती गईं मगर अयोध्या में भगवान राम का उनकी जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण कराने की बात आखिर उनके मन में क्यों नहीं आई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा, कुछ लोग हैं जो अवसरवादी रवैया अपनाते हैं। जब संकट आता है तब राम याद आते हैं और बाकी समय राम को भूल जाते हैं इसलिए भगवान राम भी अब उनको भूल चुके हैं। अब उनकी नैया कभी पार नहीं होगी, यानी रामद्रोहियों के लिए अब कोई जगह नहीं है। आदित्यनाथ ने कहा, जो लोग राम भक्तों पर गोलियां चला रहे थे, रामकाज में बाधक थे और जो लोग अभी सपना देख रहे हैं बाबरी ढांचे का, उनको हम बता देना चाहते हैं कि कयामत का दिन कभी नहीं आने वाला है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कोई कानून तोड़ता है, तो उसका रास्ता सिर्फ नर्क की ओर जाता है। अगर कोई कानून तोड़कर स्वर्ग जाने का सपना देखता है, तो यह सपना कभी पूरा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, 'हर संत की साधना उसके देश और उसके धर्म के लिए होती है और धर्म भी देश के लिए समर्पित होता है। दोनों एक-दूसरे के पूरक के रूप में काम करते हैं। उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। एक शरीर है और दूसरा आत्मा, दोनों को अलग नहीं रखा जा सकता।'

### नेपाल के पशुपतिनाथ से बिहार होते हुए झारखंड के बैद्यनाथधाम तक बनेगा हाई-स्पीड एक्सप्रेसवे

**पटना:** बिहार के पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि नेपाल के पशुपतिनाथ से बिहार होते हुए झारखंड के बैद्यनाथधाम तक 'पशुपतिनाथ-बैद्यनाथधाम हाई-स्पीड कॉरिडोर' ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने पथ निर्माण विभाग के बजट पर सरकार का पक्ष रखते हुए सदन को बताया कि लगभग 250 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे काठमांडू से भीमनगर और बीरपुर होते हुए बिहार के सुपौल जिला में भारतीय सीमा में प्रवेश करेगा। इसके बाद यह मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, मुंगेर और बांका जिलों से गुजरते हुए झारखंड के देवघर जिले स्थित बैद्यनाथधाम तक पहुंचेगा। जायसवाल ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य नेपाल के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर को झारखंड के बैद्यनाथधाम से सीधे जोड़ना है, ताकि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि इस कॉरिडोर के निर्माण से बिहार और झारखंड के कई जिलों में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी तथा क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

## न्यूज अपडेट

### बलिया में सिर पर ईंट और धारदार हथियार से हमला कर युवक की हत्या

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में मंगलवार की सुबह एक युवक के सिर पर ईंट और शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। जिले के रसड़ा क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आलोक गुप्ता ने बताया कि मंगलवार की सुबह लोहटा गांव के समीप एक पुलिया के पास 30 वर्षीय युवक का शव मिला। ग्रामीणों की नजर मृतक पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को इस बारे में सूचना दी। सीओ ने बताया कि पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। युवक की फिलहाल शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस शिनाख्त के लिए प्रयास कर रही है।

### राजस्थान : 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 12 फरवरी से, 19 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**जयपुर:** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड ने प्रवेश पत्र अपलोड करने, परीक्षा केंद्रों पर सामग्री पहुंचाने के अलावा सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बोर्ड के सचिव गजेंद्र सिंह ने बताया कि 10वीं (माध्यमिक) की परीक्षाएं 12 से 28 फरवरी तक होंगी जबकि 12वीं (उच्च माध्यमिक) की परीक्षाएं 12 फरवरी से 11 मार्च तक चलेंगी। दसवीं की परीक्षा में 10 लाख 68 हजार 610 और बारहवीं की परीक्षा में नौ लाख 58 हजार 72 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में इन परीक्षाओं के लिए छह हजार 191 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी। राज्य के 15 जिलों में 51 केंद्र संवेदनशील माने गए हैं। इनमें सीसीटीवी लगाए गए हैं और अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

### सोनभद्र में बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा

**सोनभद्र:** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में एक बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के एक मामले में स्थानीय अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम अमित वीर सिंह की अदालत ने एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने अर्थदंड की राशि में से 80 हजार रुपये पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया साथ ही अर्थदंड अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतने का आदेश दिया। शासकीय अधिवक्ता नीरज कुमार सिंह ने बताया कि जिले के चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के निवासी पीड़िता के पिता ने 13 जून 2022 को चोपन थाने पर एक तहरीर देकर सूचित किया कि 12 जून 2022 को शाम चार बजे उसकी आठ वर्षीय बेटी खेलने गई थी तभी देवशाह (30) नामक एक व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म किया और घर पर किसी से नहीं बताने की धमकी भी दी। देवशाह ने पीड़िता से कहा कि घर पर बताना कि कुत्ता काट लिया है। वादी ने बताया कि जब वह पीड़िता को लेकर चिकित्सक के पास गया तो उन्होंने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि कुत्ता नहीं काटा है।

### भदोही में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

**भदोही:** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में मंगलवार को दो पक्षों के बीच जमीन विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भदोही के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि जिले के औराई थाना क्षेत्र के जंगला गांव निवासी बृजेश यादव और फूलचंद व आशीष यादव के बीच अदालत में जमीन मामले का विवाद जारी है। एसपी ने कहा कि इसी विवाद की पृष्ठभूमि में बृजेश यादव ने सुबह करीब 11 बजे लाइसेंसी रिवॉल्वर से कई गोलियां चलाईं। मांगलिक ने बताया कि इस गोलीबारी में आशीष यादव (28) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोली लगने से अखिलेश तथा लाठी डंडे से हुए हमले में राजनाथ तथा नन्हें लाल नामक व्यक्ति घायल हो गए। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सिर में गहरी चोट से राजनाथ की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने लाइसेंसी रिवॉल्वर जब्त कर बृजेश यादव को मौके से हिरासत में ले लिया। बाद में एसपी ने बताया कि मौके पर पहुंची तीन थानों की पुलिस ने गांव से बृजेश यादव, अन्नू, लालधर और सचिन के पास से रिवॉल्वर और कई कारतूस बरामद करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि फरार विशाल उर्फ़ कुल्ली को गिरफ्तार करने के लिए टीम जुटी हुई हैं।

## नीतीश कुमार को काम करते देख मुझे प्रेरणा मिली: नितिन नवीन ने विधानसभा में कहा



**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को बिहार विधानसभा में कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को काम करते हुए देखा है जिससे उन्हें काफी प्रेरणा मिली। नवीन ने कहा, 'वह 2006 में पहली बार विधायक बने और तब से देख रहे हैं कि किस तरह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की छवि सुधारने का काम किया है।' उन्होंने कहा, ''पढ़ाई के लिए जब मैं बाहर गया था, तब बिहार के लिए जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया जाता था, वह मुझे अच्छे से याद है।' उन्होंने कहा, '2006 से 2026 के बीच बिहार में आए बदलाव को देखकर लगता है कि यदि आज राज्य को देश में सम्मान मिल रहा है, तो यह पिछले 20 वर्षों में बदली हुई छवि का परिणाम है।' भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझ पर भरोसा जताया है और पार्टी के कामकाज में हमेशा व्यवस्था का सम्मान किया है। सदन में कई वरिष्ठ नेता रहे हैं, जिन्होंने बिहार को गौरवपूर्ण समय दिया लेकिन जो नेतृत्व आज उनके सामने है, उससे भी प्रेरणा लेने की जरूरत है।' प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से यह सीखने को मिला कि सरकार में रहते हुए सुशासन की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से कैसे लागू किया जाए।' अपने पिता नवीन किशोर सिन्हा को याद करते हुए भावुक हुए नितिन नवीन ने कहा कि वह हमेशा अपने पिता की छवि को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सभी जनप्रतिनिधियों को जनता से इस तरह जुड़ने की जरूरत है कि यदि वह न भी रहें, तब भी उनके कार्यों की चर्चा होती रहे। पटना के बांकीपुर से विधायक ने कहा कि राजनीतिक सफलता तभी मानी जाएगी, जब उनके न रहने पर भी लोग उनकी सोच को याद करें। नवीन ने कहा कि राजनीति में आने वाले नए लोगों को यह ध्यान रखना चाहिए कि उनकी पार्टी की विचारधारा जो भी लेकिन वह जनादेश लेकर यहां पहुंचे हैं।' जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री विजय कुमार चौधरी ने नवीन के भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कहा कि भाजपा नेतृत्व का यह चयन स्वाभाविक है।

## मथुरा में एक ही परिवार के पांच लोग मृत पाए गए, सामूहिक आत्महत्या का संदेह





**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के खप्परपुर गांव में मंगलवार को एक दंपति और उनके तीन नाबालिग बच्चे अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उन्हें संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। पुलिस को परिवार के मुखिया द्वारा बनाया गया एक वीडियो और दीवार पर लिखे संदेश के अलावा एक सुसाइड नोट भी मिला है। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान किसान मनीष कुमार (35), उनकी पत्नी (लगभग 32 वर्ष), उनकी दो बेटियों - हनी (8) और प्रियांशी (5) तथा बेटे प्रतीक (3) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'वे अपने घर के एक कमरे में मृत पाए गए।' पुलिस ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी मनीष कुमार के भाई से मिली। पुलिस के मुताबिक जब बच्चे सुबह खेलने के लिए बाहर नहीं आए, तो मनीष का भाई कुछ ग्रामीणों के साथ दीवार फांदकर घर के अंदर गया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा, जहां उसने अपने परिवार के सदस्यों को मृत पाया। पुलिस के अनुसार मनीष कुमार द्वारा लिखे गए कथित सुसाइड नोट में, मनीष ने कहा कि वह और उसकी पत्नी स्वेच्छा से अपनी जान देना चाहते हैं और उनकी मौत के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं है। क्षेत्राधिकारी (महावन) श्वेता वर्मा ने सुसाइड नोट का हवाला देते हुए कहा कि मनीष कुछ समस्याओं से परेशान था और उन्हें दूसरों के साथ साझा करने में असमर्थ था। मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि मनीष ने घटना से पहले अपने मोबाइल फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। वीडियो में मनीष ने कहा कि वह स्वेच्छा से यह कदम उठा रहा है। उसने यह भी बताया कि उसने हाल ही में किसी को 12 लाख रुपये में एक प्लॉट बेचा था और खरीदार से पैसे भी प्राप्त किए थे। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को पीड़ित परिवार को पूरा सहयोग प्रदान करने तथा मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

समीक्षा मनोरंजन

# चंदा और सूरज

मालती शर्मा

सूरज बहुत सुन्दर लड़का था और चंदा एक सुन्दर लड़की। दोनों को एक दूसरे से प्रेम हो गया सो उन्होंने विवाह कर लिया।

ठीक समय पर उनके एक लड़की हुई जो मां की तरह सुन्दर पिताजी की तरह हंसमुख थी। दोनों उसे अत्यधिक प्यार करते। उन्होंने उसका नाम पृथ्वी रखा। सारे तारे पृथ्वी को पाकर बहुत खुश हुए। वे उसके स्वागत के लिये और झिलमिलाते हुए चमकने लगे।

चंदा और सूरज को अपनी बेटी पृथ्वी पर बहुत गर्व था। वे अपनी नन्हीं बेटी को तनिक भी आंखों से ओझल नहीं होने देते। दिन और रात सावधानी से उनकी देखभाल करते।

वे पृथ्वी से इतना प्यार करने लगे कि वे यह भी भूल गए कि वे एक दूसरे से कितना प्यार करते थे। वे एक दूसरे से दूर छिटकते गए। उनमें झगड़े होने लगे। इससे पहले कि वे एक दूसरे की सूरत भी न देखना चाहने की स्थिति में आएं, उन्होंने अलग हो जाना तय किया।

अलग होने की व्यवस्था आसानी से हो गई पर पृथ्वी का क्या हो? दोनों में से एक भी अपनी प्यारी बेटी एक दूसरे को देने को राजी नहीं था। उन्होंने तारों से निवेदन किया कि वे निर्णय करें कि उन दोनों में से कौन पृथ्वी की देखभाल के लिये श्रेष्ठ रहेगा पर ऐसा निर्णय बहुत मुश्किल था। तारे यह तय न कर सके। अन्त में उन्होंने कहा कि सूरज और चंदा एक दूसरे के विरूद्ध दौड़ें। दौड़ में जीतने वाले के पास पृथ्वी रहेगी।

दौड़ का दिन आया। चंदा की हवाओं से हमेशा दोस्ती रही थी। उसने हवाओं से पूछा कि क्या वे उसकी दौड़ जीतने में मदद करेंगी? क्योंकि उसने पृथ्वी को न छोड़ने का निश्चय किया था, हवाओं ने मदद की हामी भरी।

बादल यह बात सुन रहे थे। उन्हें यह उचित नहीं लगा कि सूरज को लड़ने के लिये अकेला छोड़ दिया जाए और चंदा की मदद की जाए। सो बादलों ने पूरी दौड़ को सावधानी से देखकर कोई ऐसा रास्ता निकालना तय किया जिसे सूरज की मदद हो सके।



तारों ने दौड़ का चक्र तय किया। सूरज और चंदा ने एक साथ दौड़ना शुरू किया पर हवाएं चांद से पीछे बहुत तेजी से चली इसलिए चंदा सूरज से तेजी से दौड़ने लगी और उससे आगे निकल गई। उसने जीतने के लिए अपनी गति और तेज कर दी।

पर बादल यह देख रहे थे। उन्होंने तारों को ढक लिया ताकि चंदा यह न देख सके कि कहां से मुड़ना है और वह तेज गति से दौड़ता हुआ चक्र से बाहर चला गया किन्तु जब सूरज मोड़ पर आया तो बादल तितर-बितर होकर हट गये। तब चंदा यह देख सकी कि वह रास्ते से कहां हट गई है पर तब तक तो सूरज काफी आगे निकल गया था।

बहरहाल हवाओं ने चंदा की फिर मदद की और वह फिर से रास्ता पकड़ने में सफल रही और दौड़ का अन्त फिर यह हुआ कि चंदा और सूरज दोनों अंतिम रेखा पर बिलकुल एक साथ पहुंचे और बराबर रहे और इस तरह यद्यपि तारों ने दोनों के बीच का मामला सुलझाने की कोशिश की थी पर वे असफल रहे क्योंकि दोनों दौड़ में बराबर रहे। तो यही न्यायोचित होगा कि ये पृथ्वी को आपस में बांट लें और उन्होंने समय का विभाजन कर कहा कि सूरज दिन के समय पृथ्वी की देखभाल करेगा, साथ रहेगा जबकि चंदा रात के समय पृथ्वी को देखेगा, साथ रहेगा।

या तो वे दोनों यह निर्णय मानें या पृथ्वी को छोड़ दें और भूल जायें। सूरज चांद दोनों इस पर सहमत हो गये। दोनों के बीच हुआ वह करार आज तक चला आ रहा है। सूरज दिन में पृथ्वी को देखता है, चांद रात में देखभाल करता है। (उर्वशी)

# एंटी और जेली

नरेंद्र देवांगन

मुगल वन के बीचोंबीच एक बगीचा था। उस के माली ने हर तरह के पेड़ पौधे लगा रखे थे। बगीचा देखने आस पड़ोस के सभी जानवर आते।

कोई गुलाब पर, तो कोई गेंदे पर, कोई डेजी पर, तो कोई कमल पर फिदा हुए बिना न रहता। पौधे पूरा दिन आपस में बातें करते थे।

एक दिन गुलाब की झाड़ियों में अलग-अलग रंगों के बड़े-बड़े फूल खिले थे।

पूरा बगीचा फूलों और तितलियों से भरा था। सुंदर-सुंदर रंगबिरंगी तितलियां इधर उधर उड़ रहीं थीं।

एंटी तितली बहुत खुश थी। वह विभिन्न फूलों का रस पी कर मस्ती में उड़ती फिर रही थी।

'वाह, कितनी सुंदर तितली है,' किसी ने कहा। अपनी प्रशंसा सुन कर एंटी का सीना तन गया और वह मस्ती में इठलाती हुई कभी इधर तो कभी उधर गोते लगाने लगी।

इतने में एंटी ने नीचे की ओर देखा। जेली चींटी कीचड़ में सना अनाज का एक दाना ले कर जा रहीं थी।

एंटी ने सोचा, 'मैं कितनी महान हूं। सुंदर - सुंदर रंगबिरंगे फूलों का मीठा-मीठा रस पीती हूं। इस जेली को देखो। धूल से सने अनाज का दाना ले जा रही है।

एंटी जेली के निकट आई। एक सुंदर फूल पर बैठ कर जेली से कहा, 'जेली, क्या ले जा रही हो?

'अनाज का दाना ले जा रही हूं, एंटी,' जेली बोली। एंटी ने पूछा, 'इस अनाज के दाने का क्या करोगी?'

'बहिन, बहुत मेहनत के बाद मुझे यह दाना मिला है।

इस से मेरा और मेरे बच्चों का पेट भरेगा,' जेली बोली।



एंटी ने कहा, 'जेली, सभी के मन को लुभाने वाले मेरे पंखों को देख। मैं तो आकाश में उड़ती हूं। रंगबिरंगे फूलों पर विचरती हूं। सुगंधित फूलों का रस पीती हूं जो किसी को भी नहीं मिलता'।

'हां, तुम तो बहुत सुंदर हो,' जेली बोली।

एंटी ने मुंह बना कर कहा, 'तुझे देख कर घृणा हो रही है। एक तो तू मिट्टी में सनी है। यह दाना भी मिट्टी से सना है। इसे तू और तेरे बच्चे खाएंगे।

'ऐसे मत कहो, एंटी। मिट्टी से घृणा मत करो। यह हम सब को पैदा करने वाली है। यह उन फूलों को भी उत्पन्न करने वाली है जिन का मीठामीठा रस तुम पीती हो,' जेली ने समझाया।

एंटी बोली,'तुझ जैसी जमीन पर रेंगने वाली मुझे उपदेश देती है। मैं तो फूलों पर पलती हूं। जहां भी जाती हूं, फूलों का रस पीती हूं। तू अपने को देख। दाने दाने के लिए तरसती है। अपनी दशा देख।

'मैं जिस स्थिति में हूं, खुश हूं लेकिन दूसरों की बुरी दशा देख कर हंसना ठीक नहीं,' जेली ने शांत भाव से कहा।

'अरे जा अपना काम कर। मुझे उपदेश मत दे। जा, अपने जैसे लोगों को पाठ पढ़ा,' एंटी ने ऐसा कह, जेली की उपेक्षा कर दी।

उसी जगह पर कई बार एंटी और जेली मिलीं। एंटी इसी तरह से व्यंग्यपूर्ण बातें करती। जेली चुपचाप सहन कर लेती।

एक दिन तेज हवा का ऐसा झोंका आया कि फूलों पर मंडराती एंटी गुलाब की एक कांटेदार टहनी से जा टकराई। उस के दोनों पंख कांटों से घायल हो गए और वह जमीन पर गिर पड़ी।

जमीन वर्षा के कारण गीली थी। एंटी की छोटी-छोटी टांगें कीचड़ में फंस गई। वह दर्द के कारण कराहने लगी।

किसी ने भी उस की दुख भरी आवाज नहीं सुनी। उस ने अपनी सहेली तितलियों को आवाज दी पर किसी ने उस की सहायता में दिलचस्पी नहीं ली।

उसी समय जेली अनाज का दाना ले कर जा रही थी। एंटी उसे देख कर, अपना मुंह छिपाने लगी।

जेली दाना फेंक कर तेजी से एंटी के पास आई। बोली, 'एंटी, तुम इस हालत में हो। चिंता मत करो। मैं दुख में तुम्हारा साथ जरूर दूंगी।

एंटी बोली, 'जेली, मुझे आज पता चला कि तू कितनी महान है।'

जेली ने अपनी पूरी ताकत लगा कर एंटी की टांगों को कीचड़ से बाहर निकाला। फिर उसे एक सुरक्षित जगह पर ले गई।

जब तक एंटी के पंख ठीक नहीं हुए, तब तक जेली उस की सेवा करती रही। उस के लिए खाना ढूंढ कर लाती रही। वह छोटे-छोटे फूलों को खींच कर लाती ताकि एंटी उस का रस चूस कर अपनी भूख मिटा सके।

जब एंटी ठीक हो गई, तब उस ने जेली से कहा, 'जेली, तुम महान हो। मैं ने घमंड के कारण जो कुछ कहा, उस के लिए मुझे क्षमा कर दो। तुम ने मुझे एक नया जीवन दिया है। जब भी तुम को मेरी आवश्यकता पड़े तो अवश्य याद कर लेना।' यह कह कर एंटी ने जेली के सामने सिर झुकाया, फिर धीरे से उड़ गई। (उर्वशी)

# दृढ़ निश्चय और कठोर परिश्रम

परशुराम संबल

सन् 1940 में हंगारी में निशानेबाजी की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्लो टैकास नाम के एक युवक को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज घोषित किया गया। जापान में होने वाले ओलम्पिक खेलों में शामिल होने के लिये भी उसका चयन कर लिया गया। इसी बीच विश्वयुद्ध छिड़ गया और कार्लो को अभ्यास छोड़कर युद्ध भूमि में जाना पड़ा। 1954 में युद्ध समाप्त हो गया।

सन् 1948 में होने वाले अगले ओलम्पिक की तैयारियां भी शुरू हो गई। टैकास ने भी निशानेबाजी के ओलम्पिक में भाग लेने के लिये जोर शोर से अभ्यास करना आरम्भ कर दिया लेकिन जब दो वर्ष का समय शेष रह गया तो टैकास के साथ अजीब दुर्घटना घट गई।

वह एक मोटर एक्सीडेंट में बुरी तरह घायल हो गया। घायल होने की बात तो अलग रही, इस दुर्घटना में उसका दाहिना हाथ ही कट गया। यह देखकर उसके घर परिवार के लोग, मित्र और संबंधी सभी निराश और दुखी हो गये। सभी ने यह सोचकर आस छोड़ दी कि जब दाहिना हाथ ही नहीं रहा तो अब निशानेबाजी कैसी? भाग्य का खेल समझकर इस ओर से सबकी आशाएं धूमिल पड़ गई।

लेकिन जब किसी के मन में उद्देश्य प्राप्ति के लिये दृढ़ निश्चय और कठिन परिश्रम करने की लगन हो तो असंभव भी संभव हो जाता है। टैकास ने हिम्मत नहीं हारी और अभ्यास को जारी रखा। कभी कभी घरवालों की निराशा और उसकी शारीरिक विकलांगता के विषय में बातचीत करते देखकर, उसकी हिम्मत भी डावांडोल होने लगती थी, इसलिये उसने घर ही छोड़ने का निश्चय कर लिया। एक दिन चुपचाप वह घर से किसी अज्ञात स्थान पर निकल गया। ढूंढने पर भी वह किसी को दिखाई नहीं पड़ा। लोगों ने सोचा कि निराश टैकास ने शायद आत्म हत्या कर ली हो? इसलिये उन्होंने उसके मिलने की आस ही छोड़ दी।

सन् 1948 में लन्दन में ओलम्पिक खेलों का आयोजन हुआ। अखबारों में टैकास के निशानेबाजी की प्रतियोगिता के बड़े चर्चे और प्रशंसा की गई थी। उसके देशवासियों ने सुना कि निशानेबाजी की प्रतियोगिता में जो व्यक्ति प्रथम आया है उसका दाहिना हाथ नहीं है। ओलम्पिक के दर्शकगण भी उसके इस कमाल को अपनी आँखों के सामने देखकर स्तंभित थे। सब उसकी प्रशंसा के पुल बांध रहे थे।

हंगरीवासियों को जब यह सूचना मिली कि निशानेबाजी की चैम्पियनशिप प्राप्त करने वाला और कोई नहीं बल्कि उनके ही देश का नागरिक कार्लो टैकास है तो वे खुशी से झूम उठे।

टैकास का सबके लिये एक ही संदेश था कि लगन दृढ़ निश्चय और कठिन परिश्रम से व्यक्ति कुछ भी कर गुजरने में सफल हो सकता है। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### मोदी की डिग्री मामला: आदेश को चुनौती देने में देरी पर आपत्ति दाखिल करने के लिए डीयू को मिला समय

**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री के विवरण को सार्वजनिक किए जाने से इनकार करने वाले आदेश के खिलाफ अपील दायर करने में देरी पर आपत्ति दाखिल करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को मंगलवार को तीन हफ्ते का समय दिया। डीयू की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि मामले में कोई दम नहीं है और इसका मकसद केवल सनसनी फैलाना है। उन्होंने एकल पीठ के अगस्त 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील दाखिल करने में हुई देरी के साथ-साथ मामले के गुण-दोष के पहलू पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा।

### न्यायालय ने विशेष एनआईए अदालतें स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव पर 17 राज्यों से जवाब मांगा

**नयी दिल्ली:** नयी दिल्ली: उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र सहित 17 राज्यों को नोटिस जारी कर विशेष एनआईए अदालतों की स्थापना सुनिश्चित करने को कहा जहां आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत 10 या अधिक मामले लंबित हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा एक व्यापक वस्तु स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद राज्यों से जवाब मांगा। रिपोर्ट में कहा गया कि मंत्रालय ने उन राज्यों में विशेष अदालतें स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है जहां राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के 10 या अधिक मामले लंबित हैं। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की दलीलों पर गौर किया कि गृह मंत्रालय ने इन विशेष अदालतों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के संबंध में मानदंडों को अंतिम रूप दे दिया है। दलीलों का संज्ञान लेते हुए, पीठ ने 17 राज्यों के मुख्य सचिवों से ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई और न्याय सुनिश्चित करने के लिए विशेष अदालतों की स्थापना को औपचारिक रूप देने के लिए रिपोर्ट पर तीन सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा।

### अमृतसर में आतंकी साजिश नाकाम, एक व्यक्ति गिरफ्तार : पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़:** पंजाब पुलिस ने अमृतसर में एक आरडीएक्स से लैस बम बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) द्वारा समर्थित आतंकवादी साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान स्थित गुर्गों के निर्देश पर काम कर रहे एक विदेशी आका के संपर्क में था। डीजीपी ने बताया कि उपकरण को पता लगने से बचाने के लिए पी-वीसी पाइप में छिपाया गया था। अमृतसर स्थित राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### वाराणसी में गंगा की सहायक नदी के दोहन को लेकर एनजीटी ने एनएमसीजी से स्पष्टीकरण मांगा

**नयी दिल्ली:** एनजीटी ने वाराणसी में गंगा नदी की एक सहायक नदी का दोहन करके नियमों का उल्लंघन करने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से स्पष्टीकरण मांगा है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ नदी में घरेलू सीवेज और अनुपचारित औद्योगिक जल को छोड़े जाने के संबंध में अधिवक्ता सौरभ तिवारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने पांच फरवरी के एक आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश ने वाराणसी में गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों में सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट के निर्वहन से होने वाले प्रदूषण के शमन और नियंत्रण के लिए योजना की एक प्रति प्रस्तुत की थी। योजना में वाराणसी और चंदौली में गंगा और वरुणा नदी में मिलने वाले आंशिक रूप से दोहित या अब तक दोहन न किए गए नालों की स्थिति का विवरण दिया गया है। इस पर टिप्पणी करते हुए अधिकरण ने कहा कि असी नदी को एक नाले के रूप में उल्लेखित किया गया है।

# भारत ने सऊदी अरब में विश्व रक्षा प्रदर्शनी में स्वदेशी रक्षा क्षमता का प्रदर्शन किया

## पहली बार विश्व रक्षा प्रदर्शनी में भारतीय मंडप स्थापित



**नयी दिल्ली:** भारत ने सऊदी अरब में आयोजित विश्व रक्षा प्रदर्शनी (डब्ल्यूडीएस) में पहली बार स्थापित भारतीय मंडप में रक्षा क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) और निजी भारतीय कंपनियों की ओर से देश की विनिर्माण क्षमता का प्रदर्शन किया गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आठ से नौ फरवरी को रियाद में आयोजित विश्व रक्षा प्रदर्शनी में भाग लिया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, उन्होंने विश्व रक्षा प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ भाग लिया और इसमें पहली बार स्थापित भारतीय मंडप का उद्घाटन किया, जिसमें रक्षा क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक उपक्रमों और निजी भारतीय कंपनियों की ओर से भारत की विनिर्माण क्षमता का प्रदर्शन किया गया। संजय सेठ ने सऊदी अरब के कार्यकारी मामलों के सहायक रक्षा मंत्री डॉ. खालिद बिन हुसैन अल-बियारी के साथ दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के बीच सहयोग और समन्वय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की। बयान में बताया गया कि उन्होंने सऊदी अरब के रक्षा विकास प्राधिकरण के प्रशासक डॉ. फलेह बिन अब्दुल्ला अल-सुलेमान से भी मुलाकात की और इस बात का उल्लेख किया कि भारत वैश्विक निर्यात के केंद्र के रूप में उभर रहा है। रक्षा राज्य मंत्री ने सऊदी अरब सैन्य उद्योग (एसएएमआई) और सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय की प्रदर्शनी भी देखी और उनके नवीनतम स्वदेशी तकनीकी विकास की समीक्षा की। रक्षा राज्य मंत्री ने एक साथ मिलकर रक्षा प्रौद्योगिकियों के विकास के अवसरों का पता लगाने के उद्देश्य से प्राधिकरण के अधिकारियों को भारत के अनुसंधान एवं विकास केंद्रों का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया।

### मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए डार्क नेट, क्रिप्टो करेंसी पर कार्यबल का गठन: सरकार

**नयी दिल्ली:** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा देने वाले विभिन्न प्लेटफार्म पर नजर रखने के लिए बहु-एजेंसी केंद्र के तहत 'डार्कनेट' और 'क्रिप्टोकरेंसी' पर एक कार्य बल का गठन किया गया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार ने सीमा पार से होने वाली और अंतरराज्यीय मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), राज्य नारकोटिक्स रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) और सीमा की सुरक्षा करने वाले बलों के बीच अंतर-एजेंसी समन्वय के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। 'डार्क नेट' इंटरनेट के उस छिपे हुए हिस्से को कहा जाता है जिसका इस्तेमाल केवल विशेष सॉफ्टवेयर और टूल के माध्यम से ही किया जा सकता है। राय ने कहा कि बहु-एजेंसी केंद्र (एमएसी) के तहत कार्य बल का गठन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों की तस्करी में सहायक प्लेटफार्म की निगरानी करना, मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारियों का एजेंसियों/एमएसी सदस्यों के बीच आदान-प्रदान करना, मादक पदार्थों के नेटवर्क पर नकेल कसना, निरंतर जानकारी जुटाना, नियमित रूप से डेटाबेस को अद्यतन करना और संबंधित नियमों तथा कानूनों की समीक्षा करना है।

### पैक्ड खाद्य पदार्थों पर चेतावनी लेबल को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, एफएसएसएआई को गंभीरता से विचार करने के निर्देश



**नयी दिल्ली:** देश में पैक्ड खाने-पीने की चीजों पर बढ़ती निर्भरता के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा संकेत दिया है। अदालत ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई से कहा है कि पैकेट वाले खाद्य पदार्थों के सामने वाले हिस्से पर साफ चेतावनी लेबल लगाने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाए। अदालत ने कहा कि ज्यादा चीनी, फैट और नमक वाले उत्पादों से लोगों की सेहत पर खतरा बढ़ रहा है, इसलिए उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी मिलनी जरूरी है।

**क्या है पूरा मामला और कोर्ट ने क्या कहा?**

सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जस्टिस जे बी पारडीवाला और जस्टिस के वी विश्वनाथन शामिल थे, एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में मांग की गई थी कि पैक्ड फूड पर सामने की तरफ बड़े और साफ चेतावनी लेबल अनिवार्य किए जाएं। अदालत ने कहा कि पहली नजर में यह मांग जनस्वास्थ्य के हित में लगती है। कोर्ट ने माना कि अगर किसी खाने में ज्यादा शुगर, सैचुरेटेड फैट और सोडियम है तो इसकी जानकारी पैकेट के सामने दिखनी चाहिए।

### कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी, मैदानी इलाकों में अगले 24 घंटे में बारिश का अनुमान

**श्रीनगर:** कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में मंगलवार को ताजा बर्फबारी हुई और घाटी में बादल छाए रहने के कारण रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित गुलमर्ग रिसॉर्ट में तड़के बर्फबारी देखकर सैकड़ों पर्यटक खुश हो गए। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, आसमान के बादलों से घिरे होने के कारण रात का तापमान बढ़ गया, जिसके कारण श्रीनगर में सोमवार रात न्यूनतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 3.1 डिग्री सेल्सिय अधिक है। उन्होंने बताया कि गुलमर्ग कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

## अजित पवार विमान हादसा: रोहित पवार ने साजिश की आशंका जताई, विशेषज्ञ एजेंसियों से जांच की मांग



**मुंबई:** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) के विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पिछले माह हुए उस विमान हादसे में साजिश का संदेह है जिसमें उनके चाचा एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत हो गयी थी। उन्होंने विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा इस हादसे की विस्तृत जांच की मांग भी की। राकांपा (शप) प्रमुख शरद पवार ने, हालांकि, इस त्रासदी में किसी भी साजिश की आशंका को खारिज करते हुए इसे एक दुर्घटना करार दिया था। रोहित पवार ने एक संवददाता सम्मेलन के दौरान विमान की कमान संभाल रहे कैप्टन सुमित कपूर के पिछले रिकॉर्ड पर सवाल उठाया और अतीत में शराब के सेवन के लिए उनके तीन साल के निलंबन का हवाला भी दिया। उन्होंने कहा कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के पास इस हादसे की पूरी जांच करने का अधिकार नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा व्यापक जांच कराये जाने की मांग भी की, जिनमें भारतीय एजेंसियों के अलावा राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड, नागरिक विमानन सुरक्षा जांच एवं विश्लेषण ब्यूरो, ब्रिटेन की विमान दुर्घटना जांच शाखा (एएआईबी) शामिल हों। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि दुर्घटनाग्रस्त लियरजेट विमान की मालिकाना कंपनी 'वीएसआर' का डीजीसीए के अधिकारियों पर प्रभाव है और वह 'कुछ भी करके बच सकती है।' रोहित पवार ने कहा कि वीएसआर कंपनी के एक विमान के 2023 में हुए हादसे की अंतिम जांच रिपोर्ट पहले ही पेश कर दी गई है। इसके बावजूद, वीएसआर कंपनी के विमान अब भी उच्चस्तरीय नेताओं द्वारा उपयोग किए जा रहे हैं। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि कंपनी का परिचालन लाइसेंस कभी क्यों रद्द नहीं किया गया। रोहित पवार ने कहा कि बुकिंग करने वाली कंपनी एरो, वीएसआर कंपनी और पायलट सुमित कपूर पर गंभीर संदेह हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''हमें नहीं लगता कि यह महज एक दुर्घटना थी। इसमें साजिश की बू है।'' रोहित पवार ने दुर्घटना से पहले के घटनाक्रम को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या अंतिम क्षणों से पहले विमान का ट्रांसपोंडर जानबूझकर बंद कर दिया गया था? रोहित पवार के अनुसार, मूल पायलट -साहिल मदान और यश- कथित तौर पर यातायात के कारण देरी से पहुंचे थे।

## ईडी ने धनशोधन मामले में अनिल अंबानी, उनकी पत्नी टीना अंबानी को फिर तलब किया



**नयी दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले में 'रिलायंस ग्रुप' के चेयरमैन अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी को नया समन जारी कर पूछताछ के लिए अगले सप्ताह उसके समक्ष पेश होने को कहा है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, पूर्व अभिनेत्री टीना अंबानी को सोमवार को यहां संघीय एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुईं। उन्होंने बताया कि अब टीना को 17 फरवरी को पूछताछ के लिए तलब किया गया है, जबकि अनिल अंबानी (66) को 18 फरवरी को पेश होने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दोनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। इन समन पर 'रिलायंस ग्रुप' की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पिछले वर्ष ईडी ने 'रिलायंस ग्रुप' की कई कंपनियों और उनसे जुड़े बैंक ऋणों की जांच के सिलसिले में अनिल अंबानी से पूछताछ की थी। ऐसा समझा जाता है कि टीना अंबानी को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक आलीशान संपत्ति की खरीद से जुड़े धन के लेनदेन के संबंध में पूछताछ के लिए तलब किया गया है। ईडी ने हाल ही में इस मामले में रिलायंस कम्युनिकेशन (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पहले एक बयान में दावा किया था कि आरकॉम की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के दौरान वर्ष 2023 में न्यूयॉर्क स्थित इस संपत्ति को गर्ग द्वारा कथित रूप से 'धोखाधड़ी' से बेचा गया।

## राजपाल यादव: राजनेता तेज प्रताप यादव, अभिनेता सोनू सूद और गुरमीत चौधरी ने मदद की पेशकश की





**नयी दिल्ली:** राजनेता तेज प्रताप यादव, अभिनेता सोनू सूद और गुरमीत चौधरी ने मंगलवार को जेल में बंद अभिनेता राजपाल यादव को मदद की पेशकश की। राजपाल यादव ने 2010 में निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा था और बतौर निर्देशक अपनी पहली फिल्म की असफलता से जुड़े चेक बाउंस मामलों के सिलसिले में उन्होंने तिहाड़ जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष और लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने राजपाल यादव और उनके परिवार को 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। तेज प्रताप यादव ने एक पोस्ट में कहा, मुझे अभी-अभी अपने बड़े भाई राव इंद्रजीत यादव के संदेश से आदरणीय राजपाल यादव के परिवार के दुख के बारे में जानकारी मिली है। इस बेहद मुश्किल घड़ी में, मैं और मेरा पूरा जनशक्ति जनता दल परिवार, उनके परिवार के साथ पूरी सहानुभूति और एकजुटता से खड़ा है। उन्होंने कहा, मानवीय करुणा और समर्थन की भावना से प्रेरित होकर जनशक्ति जनता दल परिवार की ओर से मैं उनके (राजपाल यादव के) परिवार को 11,00,000 की वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा हूं। सोनू सूद ने एक पोस्ट में लिखा, राजपाल यादव एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं, जिन्होंने कई वर्षों से हमारे उद्योग में अविस्मरणीय काम किया है। कभी-कभी जीवन निष्ठुर हो जाता है, इसका कारण प्रतिभा नहीं, बल्कि बुरा वक्त होता है। वह मेरी फिल्म का हिस्सा होंगे और मेरा मानना है कि यह हम सभी... निर्माताओं, निर्देशकों और सहकर्मियों के लिए एक साथ खड़े होने का समय है। अभिनेता ने कहा कि इस उद्योग जगत में उन्हें यह महसूस कराना चाहिए कि वे अकेले नहीं हैं। सूद ने कहा, एक छोटा 'साइनिंग अमाउंट', जो भविष्य के काम के हिसाब से समायोज्य हो, दान नहीं बल्कि सम्मान है। जब हमारा कोई अपना किसी कठिन दौर से गुजर रहा हो यह दिखाता है कि हम सिर्फ एक उद्योग नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर हैं। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) से स्नातक अभिनेता राजपाल यादव फिल्म 'मुझसे शादी करोगी', 'वक्त', 'फिर हेरा फेरी', 'पार्टनर', 'भूल भुलैया', 'हंगामा' और 'चुप चुप के' में अपने अभिनय के लिए जाने जाते हैं।

## बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को धमकी, आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई: मुंबई पुलिस



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को अज्ञात व्यक्तियों ने व्हाट्सऐप के जरिए धमकी दी है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि सिंह को एक 'वॉयस नोट' के जरिए धमकी मिलने और इसकी सूचना पुलिस को देने के बाद, उनके आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सिंह को यह धमकी शहर में फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के आवास के बाहर हुई गोलीबारी की घटना के कुछ दिनों बाद मिली है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस को संदेह है कि जबरन वसूली के उद्देश्य से रणवीर सिंह को दी गई इस धमकी के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मध्य मुंबई स्थित जिस हाउसिंग सोसाइटी में अभिनेता रहते हैं, वहां मुंबई पुलिस के कर्मियों के अलावा निजी गार्ड भी तैनात किए गए हैं। मंगलवार को सोसाइटी की प्रबंध समिति ने पुलिस से संपर्क किया और इन गार्डों की तैनाती पर चिंता व्यक्त की।

## केंद्र पता लगाए, बच्चों के लापता होने के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह का हाथ तो नहीं: न्यायालय

**आंकड़े न देने वाले राज्यों पर शीर्ष अदालत की कड़ी टिप्पणी**

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार से यह पता लगाने को कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी देशव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है। न्यायमूर्ति बीवी ना-गरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि क्या इन घटनाओं के पीछे कोई निश्चित पैटर्न है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं। उसने केंद्र को सभी राज्यों से आंकड़े संकलित कर उनका विश्लेषण करने का निर्देश दिया। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और उनसे संबंधित अभियोजन से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराए हैं, लेकिन लगभग एक दर्जन राज्यों ने अपना डेटा साझा नहीं किया है। भाटी ने दलील दी कि विश्लेषण तभी किया जा सकता है, जब केंद्र सरकार को पूरा डेटा हासिल हो जाए। उन्होंने कहा, हम जानना चाहते हैं कि बच्चों के लापता होने की इन घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी गिरोह या राज्य-विशिष्ट समूह का हाथ तो नहीं है? क्या इन घटनाओं के पीछे एक विशिष्ट पैटर्न है या ये महज आकस्मिक घटनाए हैं? शीर्ष अदालत ने भाटी को सुझाव दिया कि बचाए गए बच्चों से बात की जानी चाहिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ऐसी घटनाओं के लिए कौन जिम्मेदार है। पीठ ने उन राज्यों की आलोचना की जिन्होंने आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। उसने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह कड़े आदेश पारित कर सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहल की है और सभी राज्यों को आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए निर्देश जारी किए जाएं। पीठ गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) 'गुड़िया स्वयं सेवी संस्थान' की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई राज्यों में लापता बच्चों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को रेखांकित किया गया है।

## फिल्म 'घूसखोर पंडत' का नाम बदला जाएगा : नेटफ्लिक्स ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा



**नयी दिल्ली:** 'नेटफ्लिक्स इंडिया' ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म 'घूसखोर पंडत' का नाम बदल दिया जाएगा। नेटफ्लिक्स ने यह बयान न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव के सामने दिया, जो फिल्म के 'आपत्तिजनक' और 'बदनाम करने वाले' नाम की वजह से इसकी रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। न्यायमूर्ति कौरव ने कहा, ''निर्माता ने फिल्म का नाम 'घूसखोर पंडत' से बदलकर दूसरा नाम रखने का सोच-समझकर फैसला किया है, जो फिल्म की कहानी और मकसद को ज्यादा सही तरह से दिखाता है।' 'घूसखोर पंडत' का निर्माण फिल्मकार नीरज पांडे ने किया है। नेटफ्लिक्स के वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि फिल्म का संपादन किया जा रहा है और यह एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है, और फिल्म के नाम की वजह से 'अनजाने में रुकावटें' आईं, जो फिल्म की सामग्री से मेल नहीं खाती है। अदालत को बताया गया कि सभी प्रचार सामग्री को हटा लिया गया है। नेटफ्लिक्स के रुख को देख कर अदालत ने यह कहते हुये याचिका पर कार्रवाई बंद कर दी कि ''अब कुछ और फैसला करने की ज़रूरत नहीं है'।

# भूमि कब्जाने के आरोपों को लेकर हिमंत ने कांग्रेस नेताओं पर 500 करोड़ रुपये का



**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने उनके व उनके परिवार के खिलाफ भूमि कब्जाने के आरोप लगाने को लेकर मंगलवार को कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध 500 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया। उन्होंने कांग्रेस नेताओं जितेंद्र सिंह, भूपेश बघेल और गौरव गोगोई पर हाल में एक प्रेस वार्ता के दौरान झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक आरोप लगाने का इल्जाम लगाया, जिसके कारण उनके खिलाफ कानूनी मुकदमा दायर किया गया। बोंगाईगांव में एक आधिकारिक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से बातचीत में शर्मा ने कहा, पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि मेरे पास 12,000 बीघा (3,960 एकड़ से अधिक) बेनामी जमीन है। मैंने अदालत में मुकदमा दायर किया है ताकि वे अदालत के समक्ष ही सूची प्रस्तुत कर सकें। उन्होंने कहा कि अगर वे सूची उपलब्ध नहीं करा पाते हैं, तो उन्हें 500 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। इससे पहले शर्मा ने 'एक्स' पर कहा,आज मैंने कांग्रेस नेताओं जितेंद्र सिंह, भूपेश बघेल और गौरव गोगोई के खिलाफ प्रेस वार्ता के माध्यम से मेरे खिलाफ झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक आरोप लगाने के लिए 500 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग करते हुए मानहानि का मुकदमा दायर किया है। यहां चार फरवरी को एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दावा किया था कि पार्टी की जांच से पता चला है कि राज्य भर में मुख्यमंत्री और उनके परिवार द्वारा लगभग 12,000 बीघा जमीन पर कब्जा किया गया है। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री का विवादित वीडियो प्रसारित करने को लेकर कांग्रेस द्वारा भाजपा के खिलाफ गुवाहाटी में शिकायत दर्ज कराने के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा कि वह पहले की तरह ही अपनी बात कहते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने 'अवैध बांग्लादेशियों' के खिलाफ अपने रुख का स्पष्ट जिक्र करते हुए कहा, यह अच्छी बात है कि उन्होंने मामला दर्ज कराया है... सांप्रदायिक का क्या मतलब है? आप सभी जानते हैं कि मैं किसके खिलाफ हूं। शर्मा ने कहा अगर मेरे खिलाफ मामला दर्ज होगा तो मेरा क्या होगा? मेरे लिए सफेद सफेद है, काला काला है। वे मुझे डरा नहीं सकते। सिबानी बोरा, दिगंता बर्मन, उनके मालिक राहुल गांधी मेरे खिलाफ मामला दर्ज करा सकते हैं।

### असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ वाम नेताओं की याचिका पर न्यायालय करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को वामपंथी नेताओं की उस याचिका को सूचीबद्ध करने के लिए विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए एक कथित वीडियो को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। इस वीडियो में शर्मा एक विशेष समुदाय के लोगों की ओर राइफल से निशाना साधते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, बाद में इस वीडियो को सोशल मीडिया से हटा दिया गया। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की अगुवाई वाली पीठ ने, वकील निजाम पाशा की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी। पाशा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कुछ नेताओं की ओर से पेश हुए थे।

## सूरत: अपार्टमेंट में एक ही परिवार के तीन लोग मृत मिले, गैस रिसाव से मौत की आशंका



**सूरत (गुजरात):** सूरत शहर के लालगेट इलाके में मंगलवार को एक दंपति और उनके 13 वर्षीय बेटे का शव उनके अपार्टमेंट से बरामद किया। पुलिस ने गैस रिसाव के कारण दम घुटने से सभी की मौत होने की आशंका जताई है। पुलिस उपायुक्त राघव जैन ने बताया कि फैज अहमद (45), मुबीना (36) और नोमान (12) के शव सुबह करीब साढ़े 11 बजे बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि अपार्टमेंट के सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद थीं और मुख्य दरवाजा भी अंदर से बंद था। जैन ने संवाददाताओं से कहा, उनके मुंह से झाग निकला हुआ था। हमने फॉरेंसिक विशेषज्ञों से बात की और मौत के संभावित कारण का पता लगाने की कोशिश की। प्राथमिक अंदेशा गैस रिसाव के कारण दम घुटने का है, क्योंकि एयर कंडीशनर और गीजर साझा क्षेत्र में हैं और पुलिसकर्मियों को वहां घुटन महसूस हुई। फॉरेंसिक विशेषज्ञों का मानना है कि यही मौत का मुख्य कारण हो सकता है। उन्होंने बताया कि भोजन विषाक्तता भी एक कम संभावित कारण हो सकता है। अधिकारी ने कहा, रक्त के नमूने और अन्य सभी संबंधित सबूत विशेषज्ञों को भेजे जा रहे हैं ताकि मौत के सटीक कारण का पता लगाया जा सके।' पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ


### आईसीसी द्वारा पीसीबी को दी गई रियायतें टी20 विश्व कप के बाद सार्वजनिक होंगी: सूत्र

**कराची :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार को समाप्त करने के बदले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को कुछ रियायतें देने का आश्वासन दिया है, लेकिन इन्हें टूर्नामेंट के समापन के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को एक सूत्र ने दी। पीसीबी के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, ''बहिष्कार समाप्त करने पर आईसीसी से पीसीबी को जो भी रियायतें मिली हैं, उन्हें टी20 विश्व कप के खत्म होने के बाद ही सार्वजनिक किया जाएगा।'' आईसीसी पहले ही यह घोषणा कर चुका है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और उसे 2028-2031 चक्र में एक आईसीसी टूर्नामेंट (संभावित रूप से अंडर-19 पुरुष विश्व कप) की मेजबानी भी दी जाएगी।

### हसरंगा और ब्रैसवेल टी20 विश्व कप से बाहर

**नयी दिल्ली :** श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल चोट के कारण मंगलवार को टी20 विश्व कप के शेष मुकाबलों से बाहर हो गए। हसरंगा को रविवार को आयरलैंड के खिलाफ श्रीलंका के शुरुआती मैच के दौरान बाईं मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। आईसीसी ने हसरंगा के स्थान पर एक लेग स्पिन हरफनमौला दुशान हेमांथ को श्रीलंका की टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। माइकल ब्रेसवेल को न्यूजीलैंड के टूर्नामेंट के शुरुआती मैच से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में चोट लग गई। यह मैच आठ फरवरी को चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला गया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा, ब्रेसवेल पिछले महीने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में लगी पिंडली की चोट से उबर चुके थे, लेकिन रविवार को अभ्यास के दौरान मांसपेशी दोबारा चोटिल हो गई। बयान में आगे कहा गया, जांच के बाद चोट की पुष्टि हुई है और उनके पूरी तरह फिट होने में लगभग तीन सप्ताह का समय लग सकता है।

# अभिषेक अस्वस्थ, पूरी तरह फिट बुमराह ने किया गेंदबाजी अभ्यास



**नयी दिल्ली :** भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट की समस्या से उबर रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने नामीबिया के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां खेले जाने वाले मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। उनकी उपलब्धता पर संकट के बादल है तो वहीं वॉशिंगटन सुंदर का टीम से जुड़ना राहत की बात है। भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने अभ्यास सत्र के दौरान मंगलवार को कहा, वॉशिंगटन सुंदर कल टीम से जुड़ गए हैं और आज अभ्यास करेंगे। अभिषेक को अभी पेट से जुड़ी कुछ परेशानी है, लेकिन उम्मीद है कि कुछ दिनों में वह मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। इस बीच जसप्रीत बुमराह को लेकर राहत भरी खबर मिली। यह तेज गेंदबाज पूरी तरह फिट नजर आया। उन्होंने शुरुआत में हल्की दौड़ लगाई और फिर स्पाइक्स (क्रिकेट के विशेष जूते) बदलने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव को पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। बुमराह ने इस दौरान भारतीय कप्तान को अपनी रफ्तार से चकमा देते हुए बोल्ड भी किया। डोएशे ने कहा, ''बुमराह ने 10 दिन तक गेंदबाजी नहीं की थी, लेकिन अब वह काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं और उनका मूवमेंट अच्छा है। हम शुक्रवार को अभ्यास के बाद टीम को अंतिम रूप देंगे। अभ्यास सत्र के दौरान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए। दोनों ने 'मिस्ट्री स्पिनर' वरुण चक्रवर्ती को सहजता से खेला। तिलक ने इस दौरान लगभग 100 मीटर लंबा छक्का भी लगाया। चोट से वापसी कर रहे ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर संभल कर क्षेत्ररक्षण अभ्यास करते हुए दिखे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। वाशिंगटन ने बाद में तिलक वर्मा को गेंदबाजी भी की। अभिषेक बीमारी से उबर रहे हैं, वॉशिंगटन धीरे-धीरे वापसी की ओर है और बुमराह के पूरी लय में लौटने के साथ भारतीय टीम प्रबंधन के सामने मैच से पहले कुछ अहम चयन फैसले लेने की चुनौती है।

# सिफर्ट और एलन की तूफानी पारियों से न्यूजीलैंड की यूएई पर 10 विकेट से बड़ी जीत



**चेन्नई :** टिम सिफर्ट और फिन एलन की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले में मंगलवार को यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से रौंदते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 92 गेंदों में 175 रन की रिकॉर्ड साझेदारी कर मैच को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य को 28 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। यूएई ने कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशान शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों तथा दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की बदौलत छह विकेट पर 173 रन बनाए। अंतिम ओवरों में मयंक कुमार ने 21 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने दो विकेट लिए, जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' सिफर्ट ने 42 गेंदों में नाबाद 89 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और तीन छक्के शामिल थे। वहीं एलन ने 50 गेंदों में नाबाद 84 रन की पारी खेली और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने 100 छक्के पूरे किए। न्यूजीलैंड ने 15.2 ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान के 175 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड को करना होगा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**मुंबई :** नेपाल के खिलाफ करीबी जीत के बाद इंग्लैंड को टी20 विश्व कप ग्रुप सी में वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को होने वाले मुकाबले में कहीं अधिक संतुलित और आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन करना होगा। नेपाल ने इंग्लैंड को उलटफेर के करीब पहुंचा दिया था, जिससे हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली टीम की कमजोरियां उजागर हुईं, खासकर गेंदबाजी में। हालांकि सैम करेन के अंतिम ओवर और ब्रूक तथा जैकब बेथेल के अर्धशतकों ने टीम को बचा लिया, लेकिन आदिल राशिद और जोफ्रा आर्चर का फीका प्रदर्शन चिंता का विषय है। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज शिमरोन हेटमायर की तेज पारी और रोमारियो शेफर्ड की घातक गेंदबाजी के दम पर स्कॉटलैंड को हराकर आत्मविश्वास से भरी है। वानखेड़े में छोटी बाउंड्री के बीच यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

# फरहान के अर्धशतक और स्पिन आक्रमण से पाकिस्तान की अमेरिका पर 32 रन की जीत



**कोलंबो :** सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान के शानदार अर्धशतक और स्पिन गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने मंगलवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में अमेरिका को 32 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की और चार अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने फरहान की 41 गेंदों में 73 रन की आक्रामक पारी के दम पर नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फरहान ने बाबर आजम (46 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 81 रन की अहम साझेदारी की। शादाब खान ने 12 गेंदों में 30 रन की तेज पारी खेली, जबकि सईम अयूब ने 19 रन का योगदान दिया। अमेरिका की ओर से तेज गेंदबाज शैडली वान शाल्कविक ने चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन स्पिनरों के आते ही उनकी पारी लड़खड़ा गई। शुभम रंजने ने 30 गेंदों में 51 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, जबकि श्यान जहांगीर ने 49 रन बनाए। इसके बावजूद टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 158 रन ही बना सकी। पाकिस्तान के लिए उस्मान तारिक ने तीन विकेट लिए, जबकि शादाब खान और अबरार अहमद ने अहम सफलताएं हासिल कीं।

## दक्षिण अफ्रीका में मेरे खेलने के अनुभव से युवा खिलाड़ियों को फायदा होगा: राशिद



**अहमदाबाद :** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 में खेलने के अनुभव से उन्हें वहां के खिलाड़ियों को अच्छी तरह समझने का मौका मिला है। उन्होंने कहा किउनकी इस जानकारी का टीम के युवा खिलाड़ियों को फायदा होगा। राशिद पिछले चार सत्र से एसए20 लगातार खेल रहे हैं। वह आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट से पहले दक्षिण अफ्रीका में एक महीना बिताकर आ रहे हैं। उन्होंने एसए20 में एमआई केपटाउन का प्रतिनिधित्व किया था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले राशिद ने कहा, इस तरह का अनुभव टीम के साथ जानकारी साझा करने में मदद करता है। मैं लंबे समय से खेल रहा हूं और लगभग सभी दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों के साथ खेल चुका हूं। '' उन्होंने कहा, ''इससे उन युवा खिलाड़ियों को फायदा मिलता है, जिन्होंने अभी ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। उन्हें समझ आता है कि सामने वाली टीम का सोचने का तरीका क्या होता है। उन्होंने आगे कहा, दक्षिण अफ्रीका में एक महीना बिताकर जो जानकारी मिलती है, वह राष्ट्रीय टीम के साथ साझा करने पर युवा खिलाड़ियों के लिए काफी मददगार साबित होती है।

# आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी

**कोलंबो :** हाल के खराब प्रदर्शन और प्रमुख तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति के बावजूद ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। पैट कमिंस और जोश हेज़लवुड चोट के कारण बाहर हैं, जबकि मिचेल स्टार्क इस प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में गेंदबाजी की जिम्मेदारी नाथन एलिस और स्पिनर एडम ज़म्पा पर रहेगी। बल्लेबाजी में ट्रैविस हेड, कप्तान मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे अनुभवी खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की ताकत हैं। दूसरी ओर, पॉल स्टर्लिंग की कप्तानी में आयरलैंड को अपने पहले मैच में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे जीत के लिए असाधारण प्रदर्शन करना होगा। मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजे शुरू होगा।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अफगानिस्तान की 'ग्रुप ऑफ डेथ' में वापसी पर निगाह

**अहमदाबाद :** न्यूजीलैंड से हार के बाद अफगानिस्तान के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को होने वाला टी20 विश्व कप मुकाबला बेहद अहम होगा। प्रत्येक ग्रुप से केवल दो टीमों के सुपर आठ में पहुंचने के कारण यह मैच अफगानिस्तान के लिए करो या मरो जैसा है। ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर है और कनाडा पर बड़ी जीत से उसका नेट रन रेट मजबूत है, जबकि अफगानिस्तान तीसरे स्थान पर खिसक गया है। अफगानिस्तान को अगले दौर की उम्मीदें बनाए रखने के लिए जीत के साथ नेट रन रेट भी सुधारना होगा। राशिद खान के अनुभव और मुजीब उर रहमान की गेंदबाजी पर टीम की नजरें होंगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका आत्मविश्वास से भरी है और उसका अफगानिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड भी बेहतर रहा है। मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा।

# मैदान पर संदेश पहुंचाने में क्रिकेट अन्य खेलों से पीछे, बटलर ने 'वॉकी-टॉकी' इस्तेमाल पर कहा



**मुंबई :** इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में अभी पीछे है। यह बयान उन्होंने उस घटना के बाद दिया, जब इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान 'ड्रिंक्स ब्रेक' में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी के जरिए बात करते हुए देखा गया। अन्य खेलों में जैसे फॉर्मूला वन में रेस इंजीनियर रेडियो के जरिए रियल-टाइम में ड्राइवरों को रणनीति, इंजन सेटिंग, टायर प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हैं। फुटबॉल में भी मैनेजर साइडलाइन से खिलाड़ियों से संवाद कर सकते हैं। इस पर पूछे गए सवाल के जवाब में कि क्या 'वॉकी-टॉकी' का इस्तेमाल मैकुलम के मैदान पर सीधे हस्तक्षेप करने वाली कोचिंग शैली का हिस्सा है, बटलर ने कहा, ''मुझे लगता है कि वॉकी-टॉकी तो काफी समय से मौजूद हैं। लेकिन टीम में ऊपर से नीचे तक संवाद हमेशा अच्छा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''मैकुलम आराम से बैठकर, चश्मा लगाकर शांत दिख सकते हैं, लेकिन मैंने जिनके साथ काम किया है, वह उनमें सबसे तेज दिमाग वाले कोच में से एक हैं। उनसे कुछ भी नहीं छूटता।'' बटलर ने कहा, '' क्रिकेट में अब कोच 'रियल-टाइम' में ज्यादा शामिल हो रहे हैं। मैं आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेला हूं, वहां आशीष नेहरा बाउंड्री लाइन पर काफी सक्रिय रहते हैं।''

## टी20 विश्व कप के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्शकों में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी: आईसीसी

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को बताया कि 2026 टी20 विश्व कप के पहले छह मैच के बाद पिछले चरण की तुलना में उनके डिजिटल मंच पर वीडियो व्यूज में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बयान में विश्व संस्था ने कहा कि उनके डिजिटल प्लेटफॉर्म को कुल 647 मिलियन (64.7 करोड़) वीडियो व्यूज मिले। दर्शकों की इस भारी बढ़ोतरी में नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों का बड़ा योगदान रहा जिनकी राष्ट्रीय टीमें टूर्नामेंट में खेल रही हैं। आईसीसी ने कहा, ''आईसीसी ऐप में 2024 के बाद यूजर्स की संख्या में 83 प्रतिशत की वृद्धि देखी है जबकि इसी दौरान आईसीसी वेबसाइट पर उपयोगकर्ताओं में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ''

# बास डि लीडे के हरफनमौला प्रदर्शन से नीदरलैंड ने नामीबिया को सात विकेट से हराया



**नयी दिल्ली :** बास डि लीडे के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए के मुकाबले में मंगलवार को नामीबिया को सात विकेट से शिकस्त दी। डि लीडे ने पहले गेंदबाजी में दो विकेट चटकाए और फिर बल्लेबाजी में 48 गेंदों पर नाबाद 72 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए नीदरलैंड के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया और नामीबिया को आठ विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। नामीबिया की ओर से लोफ्टी इटोन ने 38 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज जान फ्रायलिंक ने 30 रन का योगदान दिया। जेजे स्मिट ने भी 22 रन जोड़े। नीदरलैंड के लिए डि लीडे और लोगान वान बीक ने दो-दो विकेट लिए, जबकि स्पिनर आर्यन दत्त ने किफायती गेंदबाजी करते हुए एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की शुरुआत हालांकि लड़खड़ाई और शुरुआती ओवरों में दो विकेट गिर गए, लेकिन इसके बाद डि लीडे और कोलिन एकेरमैन ने पारी को संभाल लिया। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 70 रन की अहम साझेदारी हुई। एकेरमैन ने 32 रन बनाए। डि लीडे ने अपनी नाबाद पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े। नीदरलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर जीत दर्ज की। डि लीडे को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

# व्यापार

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 208 अंक चढ़ा



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 208 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 68 अंक के लाभ में रहा। मजबूत वैश्विक संकेतों और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी उम्मीद के बीच बाजार में तेजी जारी है। हालांकि, निवेशकों ने उच्चस्तर पर मुनाफावसूली भी की। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 208.17 अंक यानी 0.25 प्रतिशत चढ़कर 84,273.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, मानक सूचकांक 417.2 अंक तक चढ़कर 84,482.95 अंक के उच्चतम स्तर तक चला गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 67.85 अंक यानी 0.26 प्रतिशत बढ़कर 25,935.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, मानक सूचकांक 122.15 अंक की तेजी के साथ 25,989.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और आईटीसी शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिकी व्यापार समझौते और प्रमुख एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में तेजी जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश में तेजी और रुपये की मजबूती से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में बीच-बीच में मुनाफावसूली देखने को मिली।'' उन्होंने कहा कि शुल्क संबंधी चिंताओं के काफी हद तक दूर होने के साथ, निकट भविष्य में बाजार की दिशा कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर निर्भर करेगी, जो अब तक मिले-जुले रहे हैं और उम्मीदों से कम हैं।

## वित्त मंत्री 23 फरवरी को आरबीआई बोर्ड को संबोधित करेंगी

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 फरवरी को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय बोर्ड को संबोधित करेंगी। इस दौरान वह वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के मुख्य बिंदुओं के बारे में बताएंगी, जिनमें विनिर्माण को बढ़ावा देने के उपाय और कृषि एवं पर्यटन के लिए समर्थन शामिल है। यह बैठक आरबीआई द्वारा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच प्रमुख नीतिगत दर (रेपो रेट) को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने के फैसले के कुछ दिन बाद होने जा रही है। सूत्रों ने कहा कि बजट के बाद होने वाली यह बैठक 23 फरवरी के लिए निर्धारित है, जहां वित्त मंत्री बोर्ड के सदस्यों को संबोधित करेंगी और बजट 2026-27 में की गई उन घोषणाओं के बारे में बात करेंगी। इस बार के बजट में वृद्धि और राजकोषीय विवेक के बीच संतुलन बनाया गया है। बजट के बाद वित्त मंत्री का आरबीआई बोर्ड को संबोधित करना एक परंपरा है।

## सरकार बीएचईएल में ओएफएस के जरिये पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी, बुधवार को खुलेगा निर्गम

**नयी दिल्ली :** सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में अपनी पांच प्रतिशत तक हिस्सेदारी 'बिक्री पेशकश' (ओएफएस) के जरिये बेचेगी। यह बिक्री प्रक्रिया बुधवार से शुरू होगी और इसके लिए न्यूनतम मूल्य (फ्लोर प्राइस) 254 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

## चांदी 7,500 रुपये टूटकर 2.64 लाख रुपये प्रति किलो, सोना 2,200 रुपये चढ़ा

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को जहां चांदी की कीमतें 7,500 रुपये या करीब तीन प्रतिशत टूटकर 2.64 लाख रुपये प्रति किग्रा रह गईं, वहीं मजबूत डॉलर के बावजूद सोने की कीमतें 2,200 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी सोमवार के 2,72,000 रुपये प्रति किग्रा के बंद भाव से 7,500 रुपये लुढ़ककर 2,64,500 रुपये प्रति किग्रा (सभी कर मिलाकर) रह गई। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,200 रुपये या 1.4 प्रतिशत बढ़कर 1,60,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गया।

## आरबीआई का प्रस्ताव, जमा स्वीकार न करने वाली छोटी एनबीएफसी को पंजीकरण से मिल सकती है छूट

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को अनुपालन बोझ कम करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये से कम संपत्ति वाली और जमा स्वीकार न करने वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को पंजीकरण से छूट देने का प्रस्ताव दिया है। इन्हें 'टाइप-1' एनबीएफसी के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। एक मसौदा परिपत्र में आरबीआई ने प्रस्तावित किया कि ऐसी एनबीएफसी जो सार्वजनिक धन का उपयोग नहीं कर रही हैं, जिनका आम ग्राहकों से कोई सीधा संपर्क नहीं है और जिनकी संपत्ति का आकार 1,000 करोड़ रुपये से कम है, उन्हें केंद्रीय बैंक के साथ पंजीकरण की आवश्यकता से छूट दी जाएगी। यह निर्णय उनके विशिष्ट व्यावसायिक मॉडल और कम जोखिम प्रोफाइल को देखते हुए लिया गया है। मसौदा अधिसूचना के अनुसार ऐसी एनबीएफसी को एक अप्रैल, 2026 से आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45आईए के प्रावधानों से छूट दी जाएगी। अब तक इन कंपनियों के लिए उक्त धारा के तहत पंजीकरण कराना वैधानिक रूप से अनिवार्य था। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि ऐसी संस्थाओं को अब 'गैर-पंजीकृत टाइप-1 एनबीएफसी' के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। आरबीआई ने कहा, ''चूंकि ये कंपनियां सार्वजनिक धन का उपयोग किए बिना और आम ग्राहकों से सीधे संपर्क में आए बिना काम करती हैं, इसलिए इनके मामले में प्रणालीगत जोखिम और उपभोक्ता संरक्षण जैसे नियामक मुद्दे प्रासंगिक नहीं रह जाते हैं।''

# शहरी सहकारी बैंकों के लिए बिना गारंटी वाले ऋण की सीमा बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का प्रस्ताव



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को शहरी सहकारी बैंकों के लिए ऋण नियमों में संशोधन का मसौदा जारी किया। इसमें शहरी सहकारी बैंकों के लिए कुल परिसंपत्ति में असुरक्षित माने जाने वाले यानी बिना गारंटी वाले कर्ज का हिस्सा दोगुना कर 20 प्रतिशत तक करने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। शहरी सहकारी बैंकों के लिए ऋण नियमों की समीक्षा के मसौदे के अनुसार, केंद्रीय बैंक व्यक्तिगत ऋण सीमा बढ़ाने और असुरक्षित ऋणों की परिभाषा को तर्कसंगत बनाने, इन ऋणों की व्यक्तिगत सीमा बढ़ाने और ऐसे कर्ज के लिए कुल सीमा को संशोधित करने का प्रस्ताव कर रहा है। आरबीआई ने कहा कि उसके दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थान, संबंधित पक्ष और आम जनता चार मार्च, 2026 तक मसौदे पर अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि आरबीआई ने कुल परिसंपत्तियों में असुरक्षित कर्ज की सीमा को मौजूदा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया है। रिजर्व बैंक ने कहा, ''हालांकि इस सीमा से अधिक अतिरिक्त असुरक्षित ऋण केवल प्राथमिकता क्षेत्र के पात्र ऋणों के संबंध में ही स्वीकृत होंगे, जो प्रति उधारकर्ता 50,000 रुपये की मौद्रिक सीमा पर निर्भर होगा।'' इसके अलावा, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की खरीद के लिए सदस्यों को ऋण देने की सीमा को भी बढ़ाकर प्रति उधारकर्ता 2.5 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है। तीसरे और चौथे स्तर की शहरी सहकारी समितियों (यूसीबी) के लिए आवास ऋण की अवधि और स्थगन संबंधी आवश्यकताओं को विनियमन से मुक्त करने का प्रस्ताव है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3500 अंक 310 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in